


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




वर्ष- 14 अंक - 301 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 13 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## 36 सीटों पर भाजपा की स्थिति बहुत खराब, बाकी बची 54 सीटों से बहुमत निकालना होगा बेहद मुश्किल

# छत्तीसगढ़ में 'दाऊ' के जाल में फंस गई भाजपा


## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास मौजूद सर्वे की रिपोर्ट से हुआ बड़ा खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास छत्तीसगढ़ चुनाव को लेकर जो सर्वे रिपोर्ट पहुंची है, उसमें भाजपा की स्थिति को चिंताजनक बताया गया है। इस रिपोर्ट में 90 में से कुल 36 सीटों पर पार्टी के जीतने की कोई गुंजाइश नहीं बताई गई है। जबकि बाकी बची 54 सीटों में से ज्यादातर पर आमने-सामने की टक्कर की संभावना है। इन परिस्थितियों में सत्ता के लिए वांछित 46 सीटें जुगाड़ना भाजपा के लिए लगभग नामुमकीन माना जा रहा है। दरअसल, भाजपा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जाल में बुरी तरह फंसकर रह गई है। सीएम भूपेश ने गांव, गरीब व किसानों को लेकर जो नीतियां अख्तियार की, उससे भाजपा चारों खाने चित्त है। हालांकि सत्तारूढ़ दल पर भी असंतोष का खतरा बरकरार है। बताते हैं कि कांग्रेस इस बार अपने कई विधायकों के टिकट काट सकती है। ऐसे में विधायक व उनके समर्थकों में उभरे असंतोष को संभालना पार्टी के लिए काफी दुष्कर होगा।

अब तक स्थानीय नेतृत्व के भरोसे चलती रही भाजपा का पूरा चुनावी कंट्रोल अब शीर्ष नेतृत्व ने अपने हाथों में ले लिया है। पिछले करीब दो महीनों में पार्टी आलाकमान ने जिस तरह की सक्रियता दिखाई है, उसमें एक तरह की बदहवासी दिखती है। अभी हाल ही में शाह ने छत्तीसगढ़ के नेताओं से लम्बी राजनीतिक चर्चा की थी। इस बैठक में चुनाव प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी मनसुख मंडाविया, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। उसके अगले दिन पीएम मोदी भी राज्य के सांसदों से मिले और उनसे फीडबैक लिया। शाह जब प्रदेश के नेताओं से रूबरू थे, तब, बताते हैं कि उनके पास हालिया करवाए गए सर्वे की रिपोर्ट मौजूद थी। इसी सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर शाह ने चर्चा की। पार्टी के जानकारों के मुताबिक, सर्वे की रिपोर्ट में पार्टी की हालत दुरूस्त नहीं पाई गई है। इन रिपोर्टों के हवाले से बताया जा रहा है कि भाजपा की कुल 36 सीटों पर हालत बहुत खराब है। यानी इन 36 सीटों पर भाजपा के जीतने की संभावना नहीं के बराबर है। शायद यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने फैसला लिया है कि चुनावी ऐलान से पहले ही ऐसी सीटों के प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएं, ताकि प्रत्याशी को अपने हिसाब से मैनेज करने में आसानी हो। इसके लिए कर्नाटक फार्मूले को सबसे बेहतर माना गया है।

गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी थी। इसका नतीजा यह निकला कि प्रत्याशियों को मतदाताओं तक पहुंचने और चीजों को अपने हिसाब से करने को काफी वक्त मिल गया था। इसी फार्मूले के चलते कांग्रेस को चुनाव में काफी फायदा हुआ और वह सरकार बनाने में भी कामयाब रही थी। बताते हैं कि भाजपा अगले महीने यानी सितम्बर में इसी कर्नाटक फार्मूले के तहत कई सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। 2018 के चुनाव में बस्तर, सरगुजा जैसे संभागों से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। वहीं दुर्ग संभाग में भी नाममात्र की सीटें ही मिल पाईं थी। संभावना जताई जा रही है कि पार्टी के जेहन में आदिवासी इलाके और वहां की सीटें हो सकती हैं।



भूपेश बघेल ने भी नए लोगों को टिकट देने के संकेत दिए थे।

### रणनीति बनाने में होती है आसानी

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कमजोर सीटों पर पहले सूची होने का बड़ा लाभ होता है। प्रत्याशी का नाम आते ही गुटबाजी पहले ही पता चल जाती है, जिसे समझाकर शांत किया जा सकता है। विपक्ष की कमियां और पार्टी को लेकर लोग क्या पसंद कर रहे हैं यह भी पहले पता चल जाता है। इससे रणनीति बनाने में आसानी होती है। इधर, कांग्रेस भी इस बार कई कड़े फैसले लेने के मूड में है। बताते हैं कि कई बार आगाह करने के बाद भी कई विधायकों ने क्षेत्र में अपनी स्थिति में सुधार नहीं किया है। उनकी रिपोर्ट लगातार खराब ही आ रही है। ऐसे विधायकों के टिकट काटे जाने की पूरी तैयारी है। बताया जाता है कि प्रदेश नेतृत्व की ओर से ऐसे विधायकों को संकेत भी कर दिया गया है। कई विधायकों ने आलाकमान तक जुगाड़ लगाने की भी कोशिश की है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा ने स्पष्ट कहा था कि कई विधायकों का परफारमेंस बेहद कमजोर है। सीएम भूपेश बघेल ने भी नए लोगों को टिकट देने के संकेत दिए थे। इसके पहले पूर्व प्रभारी पीएल पुनिया ने भी विधायकों के खराब प्रदर्शन की बात कही थी।

### 4 एजेंसियों का सर्वे जारी

जानकारों के मुताबिक, अमित शाह, ओम माथुर, शिवप्रकाश और जेपी नड्डा अलग-अलग सर्वे एजेंसियों से छत्तीसगढ़ में सर्वे करवा रहे हैं। इन चारों सर्वे रिपोर्ट में जिस व्यक्ति का नाम कॉमन होगा, उसे शार्टलिस्ट किया जाएगा। फिर मंडल अध्यक्षों के माध्यम से संभाग प्रभारियों से मांगे गए दो नाम में अगर वह नाम होगा, तब उसे फाइनल लिस्ट में रखा जाएगा। इसके बाद फाइनल किए गए उम्मीदवार के बारे में फिर सर्वे करवाया जाएगा। उम्मीदवार के बारे में जीत हासिल करने की रिपोर्ट आएगी, तभी उसे प्रत्याशी बनाया जाएगा। जिस सीट पर एक नाम कॉमन नहीं मिला, वहां चारों सर्वे एजेंसियों से दोबारा रिपोर्ट मांगी जाएगी। भाजपा के जानकारों की मानें तो छत्तीसगढ़ में भाजपा कोंटा, सीतापुर, खरसिया और कोटा में कभी नहीं जीत पाई। इसके अलावा मरवाही और पाली तानाखार सीटें भी राज्य बनने के बाद से अब तक भाजपा को नसीब नहीं हुई है। सूत्रों की मानें तो सितंबर में जारी होने वाली पहली सूची में इन छह सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी। इस सूची में कुछ ऐसी सीटों के प्रत्याशी हो सकते हैं, जहां भाजपा पिछले 2 चुनाव से लगातार हार रही है।

## खास - खबर



### भारत चौथी बार बना एशियन चैंपियन, 1-3 से पिछड़ते हुए दर्ज की मलेशिया पर जीतज पीएम मोदी ने दी बधाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम चौथी बार एशियन चैंपियंस बनी है। शनिवार को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताबी मुकाबले में मलयेशिया 4-3 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। रोमांचक फाइनल में भारत एक समय 1-3 से पीछे चल रहा था, इसके बाद तीसरे क्वार्टर में एक मिनट के अंदर दो गोल दाग टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी की। चौथे क्वार्टर में चौथा गोल दाग भारतीय टीम ने 4-3 से मैच जीत लिया। भारत की जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी टीम को बधाई दी है।

इस खिताबी जीत के साथ ही भारत सबसे ज्यादा चार बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाला देश बन गया है। पाकिस्तान ने तीन बार यह खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2011, 2016 और 2018 में यह ट्रॉफी जीती थी। 2018 में भारत और पाकिस्तान संयुक्त रूप से विजेता रहा था, क्योंकि फाइनल बारिश की वजह से रद्द हो गया था। पांच साल बाद एक बार फिर टीम इंडिया चैंपियन बनी है। भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।


हाफटाइम तक मलयेशिया की टीम 3-1 से आगे थी। जुगराज सिंह ने नौवें मिनट में गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई थी। इसके बाद मलयेशिया ने लगातार काउंटर अटैक किए। 14वें मिनट में अजराई अबु कमाल ने फील्ड गोल कर मलयेशिया को बराबरी कराई। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में रहीज राजी ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर और 28वें मिनट में मोहम्मद अमिनुद्दीन ने पेनल्टी कॉर्नर पर ही ड्रैगफ्लिक से गोल दाग अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से आगे कर दिया। इस बाद तीसरे क्वार्टर में भारत ने जबरदस्त वापसी की। एक मिनट के अंदर दो गोल दाग भारतीय टीम ने स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। हाफ-टाइम के बाद भारत ने काउंटर अटैक जारी रखा। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर मं 56वें मिनट में अपना चौथा गोल दागा। आकाशदीप सिंह ने काउंटर अटैक कर बेहतरीन फील्ड गोल किया और टीम इंडिया चैंपियन बनी।

## महिला सुरक्षा कर्मी की हत्या, प्रेमी ने बेरहमी से पीटकर दे दी मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में शनिवार की रात तैनात महिला सुरक्षाकर्मी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका प्रेमी है जो आधीरात अपने दोस्त के साथ अस्पताल पहुंचा था। यहां किसी बात को लेकर महिला सुरक्षाकर्मी से उसका विवाद हुआ और इसके बाद उसने उसकी बरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को महिला सुरक्षाकर्मी पूनम मिश्रा ड्यूटी पर थी। रात करीब लगभग 12 बजे उसका प्रेमी अपने एक दोस्त के साथ असपताल पहुंचा। इस दौरान पूनम मिश्रा से किसी बात को लेकर उसके प्रेमी का विवाद हो गया और उसने मारपीट करनी शुरू कर दी। महिला सुरक्षाकर्मी की आवाज को सुनकर अन्य सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। मारपीट से घायल महिला सुरक्षाकर्मी अपनी ड्यूटी को बीच छोड़कर अपने घर चली गई।



इसके बाद रात करीब 12:45 बजे उसका प्रेमी और उसकी मकान मालकिन महिला सुरक्षाकर्मी को बिहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला सुरक्षाकर्मी पूनम की मौत होने की जानकारी लगते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसके प्रेमी को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि पूनम के साथ उसके प्रेमी ने घर पर जाकर भी मारपीट की। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी। फ्लिहाल पुलिस प्रेमी से पूछताछ कर रही है।

## 101 युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता, विधायक ने गर्मजोशी से किया जोरदार स्वागत


**बीजापुर।** शनिवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिले भर के 101 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है।

सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से दीपक मांझी, मनोज कुडियम, जोशफ कुडियम, ओनेस कुडियम, उबोध खान, रमेश मोडियम, सोमा मोडियम, विवेक कुजूरऔर फूल कुमार हेमला आदि शामिल थे। जिन्हें विधायक और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम और अन्य कांग्रेस नेताओं ने नव प्रवेशितों का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर उन्हें कांग्रेस पार्टी का गमछा और फूल माला पहनाकर सदस्यता दिलाई।

## छत्तीसगढ़ में भूकंप : कोरबा में हिली धरती और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही तक दिखा असर दहशत में घरों से बाहर निकले लोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह नौ बजकर नौ मिनट में भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसका असर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भी दिखा। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। दहशत में लोग घरों से बाहर निकल गए। हालांकि किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि इस दौरान लगभग 9 मिनट तक धरती कांपती रही।




मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 9.09 बजे कोरबा जिले में भूकंप का झटका लगा। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई है। कोरबा के साथ ही गौरला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग डरकर घर से बाहर निकल आए। फ्लिहाल मौसम विज्ञानी इस पर नजर रखे हुए हैं। हालांकि इससे किसी भी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप के लिहाज से सुरक्षित माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में इस तरह का भूकंप आने से मौसम विज्ञानी भी हैरान है।

## राम मंदिर के गर्भगृह तक नहीं जा सकेंगे भक्त, 35 फीट दूरी से मिलेगा दर्शन

**अयोध्या (एजेंसी)।** भगवान राम के अयोध्या में बन रहे मंदिर का उद्घाटन जनवरी महीने के तीसरे सप्ताह में 21 से 24 जनवरी के बीच कभी भी हो सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय से तिथि मिलने के बाद इसे अंतिम रूप से घोषित किया जाएगा। इस बीच एक बात अभी से तय है कि मंदिर के उद्घाटन के बाद भी राम भक्तों को भगवान राम की प्रतिमा को छूने का अवसर नहीं मिल पाएगा। भक्तों को गर्भगृह में भी जाने की अनुमति नहीं होगी। लोग लगभग 35 फीट की दूरी से भगवान के दर्शन करेंगे।



### इन मंदिरों में भी यह व्यवस्था

इस समय भी देश के बड़े-बड़े मंदिरों में भक्तों को गर्भगृह तक जाने की अनुमति नहीं होती। तिरुपति बालाजी और भगवान जगन्नाथ के मंदिर में भी इसी तरह की व्यवस्था है। लेकिन भगवान शिव के मंदिर इस मामले में अपवाद होते हैं। इसका बड़ा कारण है कि भगवान शिव की पूजा में रुद्राभिषेक का बहुत अधिक महत्व है, जिसमें भक्त शिवलिंग को छूकर ही पूजा संपन्न करते हैं। ऐसे में बिना गर्भगृह में गए रुद्राभिषेक संभव नहीं है। लेकिन अन्य मंदिरों में गर्भगृह के बाहर दूर से ही देवी-देवताओं के दर्शन-पूजा की परंपरा है।

### इसलिए लिया गया फैसला

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार, यह व्यवस्था गर्भगृह की पवित्रता को बनाए रखने के लिए की गई है। साथ ही हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में केवल राजा और मंदिर के पुजारी को ही जाने का अधिकार होता है। इस पारंपरिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गर्भगृह में केवल प्रधानमंत्री और पुजारी को ही प्रवेश मिलना तय किया गया है। उद्घाटन के बाद भी राम भक्तों को लगभग 35 फीट की दूरी से भगवान के दर्शन करने की व्यवस्था रहेगी। इससे मंदिर की पवित्रता के साथ-साथ भीड़ को नियंत्रण में रखने में सहायता मिलेगी। प्रतिमा को ऊंचे स्थान पर रखा जाएगा जिससे दूर से भी लोगों को भगवान राम के बेहतर दर्शन हो सकें।

## ऐसे में क्या खाक बनेंगे डॉक्टर

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ पिछले कुछ वर्षों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बुलेट ट्रेन की स्पीड से भाग रहा है। हर दिन एक नई घोषणा होती है। हर साल नए शिक्षा सत्र से सरकारी कालेजों की संख्या बढ़ जाती है, सीटों की संख्या में इजाफा हो जाता है। यह रफ्तार इतनी ज्यादा है कि निजी क्षेत्र सांसें रोककर अपने अंत का इंतजार कर रहा है। पर जब रफ्तार ज्यादा हो तो हपट कर गिरने की संभावना भी ज्यादा हो जाती है। कुछ ऐसा ही हो रहा है मेडिकल की पढ़ाई के क्षेत्र में। अन्यान्य डिग्रियों के मुकाबले मेडिकल की डिग्री की कहानी अलग है। इसमें नौकरी मिले न मिले एमबीबीएस डिग्री धारी मोहल्ले में क्लिनिक खोलकर भी चार पैसे कमा ही सकता है। व्यवहार अच्छा रहा तो गाड़ी-बाड़ी का सपना पूरा करने लायक कमाई भी हो ही जाती है। भले ही इसके लिए उसे सुबह से देर रात तक जगह बदल-बदल कर काम करना पड़े। पर अफसोस तब होता है जब धरती के इन भगवानों को अपने ही गांव में इज्जत नहीं मिलती। चिकित्सा से जुड़े सभी लोग निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते। कुछ लोगों का काम अस्पताल के बिना नहीं चल सकता। इसमें पोस्ट ग्रैजुएट डाक्टर्स, सर्जन, एनेस्थीसिया, इंटेंसिविस्ट जैसे विशेषज्ञ शामिल होते हैं। डायग्नोस्टिक्स का सेटअप भी काफी महंगा होता है। यदि ऐसे लोगों को राज्य के भीतर काम नहीं मिलता, इज्जत नहीं मिलती तो वो भाग ही जाते हैं। प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की सीटें तो बढ़ रही हैं पर डाक्टरों के लिए इसमें ज्यादा कुछ नहीं है। प्रदेश के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 1039 पद खाली है। प्रदेश के सबसे पुराने रायपुर मेडिकल कालेज में 2007 से 2023 के बीच सीटें 150 से बढ़कर 230 हो गईं पर सेटअप नहीं बदला। बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, राजनांदगांव, जगदलपुर में भी ईडब्ल्यूएस की सीटें बढ़ी हैं। पिछले दो साल में दुर्ग, कांकेर, महासमुंद व कोरबा में नए मेडिकल कालेज खुले हैं पर वहां भी फैकल्टी की भारी कमी है। दिक्कत यह भी है जो लोग इन मेडिकल कालेजों में काम कर रहे हैं वो भी नौकरी छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। पिछले तीन साल में 200 से ज्यादा डाक्टरों ने नौकरी छोड़ी है और मध्यप्रदेश शिफ्ट हो गए हैं। वजह है सेवा शर्तें। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में स्वशासी समिति से नियमित भर्ती हो रही है जो न केवल डॉक्टरों का समय पर प्रमोशन करती है बल्कि हर साल वेतनवृद्धि भी देती है। यह चिंता का विषय इसलिए भी है कि फैकल्टीज की कमी के कारण कभी भी राज्य के सरकारी मेडिकल कालेजों की मान्यता रद्द हो सकती है। दूसरी बात यह है कि जिन होनहारों ने नीट में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए थे, वही इन मेडिकल कालेजों में विद्यार्थी हैं। यदि फैकल्टी पूरे नहीं हुए तो इनकी शिक्षा बाधित होगी और उनका पूरा करियर चौपट हो जाएगा। ऐसे में सिर्फसीटें बढ़ाने का क्या फायदा?



## संपादकीय

# संघर्ष में बीता सत्र

आधिकारिक तौर पर, बायकोट और स्टैगन के ही मोंटेन में शुक्रवार को संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। अंतिम दिन भी कार्य का नाम गुणवत्ता का हुआ। इस पूरे सत्र में कई जरूरी बिल पास हुए लेकिन किसी पर चर्चा और बहस नहीं हुई। एक्सक्लूसिव दिल्ली सर्विस बिल रहा, जिस पर दोनों स्टार्स के बीच लंबी चर्चा हुई। नामांकन की ओर से महत्वपूर्ण कहानियाँ दर्ज की गईं तो सत्ता पक्ष की ओर से बिंदु उनका उत्तर दिया गया। इस एक चर्चा को छोड़ दिया जाए तो यह पूरा सत्रह व्याख्यान पर चर्चा की मांग की गई। जो अविश्वास प्रस्ताव इस सत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बना, उसके पीछे भी यही बात रही कि नेता पर स्वस्थ, सत्य चर्चा की कोई राह सत्य पक्ष और लोकतंत्र नहीं मिला। दिलचस्प बात यह है कि शुरू से अंत तक दोनों पक्ष यही दावा कर रहे हैं कि वे अध्ययन के नतीजों पर चर्चा करना चाहते हैं। सहकर्मी मुश्किल है कि यह कैसी इच्छा थी जो लगातार के बाद भी दोनों पक्षों को समय पर सहमति के साथ किसी ऐसे पर नहीं ला सकीम, जिस बिंदु पर नेता की बातचीत के साथ आंतरिक चर्चा भी हुई और मॉनसून सत्र का काम भी हो गया। इसी सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद में बहाली भी हुई जो मन्हानी के एक मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद छीन ली गई थी। अंतिम सुप्रीम कोर्ट से राहत बैठक के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होने से एक दिन पहले उनकी प्रतिष्ठा बहाल हुई और वह इस चर्चा में अध्ययन कर सके। उनके भाषण की वजह और कुछ हुआ या न हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी का नैरावेटिव एक बार फिर सामने आया, जिसके लिए सत्यपक्ष आपके लिए उपयुक्त विवरण दे रहा है और नामांकन का कम से कम एक वर्ग कथित तौर पर भागने की कोशिश कर रहा है। पिछले कुछ सत्रों की तरह की संसद का यह सत्र भी सदनों के भीतर से बाहर गांधी प्रतिमा के पास ही विपक्ष के प्रदर्शन का गवाह बना। इस बार भी प्रोडक्शन आर्टिस्ट को सजा के तौर पर बाहर से बाहर निकालने या निलंबित करने के मामले में सजा दी गई है। आप सांसद संजय सिंह को अगले सत्र के लिए भी निलंबित करने का निर्णय ले चुके हैं। राघव चन्ना के खिलाफ फार्चुवाडे का आरोप लगाया गया तो कांग्रेस के सदन नेता अधीर रंजन चौधरी को तख्तापलट के आरोप में निलंबित कर दिया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो संसद का यह सत्र भी देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर कोई बेहतर संकेत नहीं दे सका। गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो संसद का यह सत्र भी देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर कोई बेहतर संकेत नहीं दे सका। गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो संसद का यह सत्र भी देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर कोई बेहतर संकेत नहीं दे सका।

> “ संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया है। इस सत्र में तीन बिल पास हुए। इसके अलावा राहुल गांधी की संसद पद भी बहाल हो गया। इस सत्र में सदन में विधायकों की हिंसा को लेकर राष्ट्रीय उद्यान देखने को मिला।

## अगर मकसद पूरा हो

सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के बारे में पारदर्शिता के जितने उपाय हों, वे अपेक्षित हैं। लेकिन साथ-साथ यह भी विचारणीय है कि जिन तरह के उपायों की बात होती है, उनका अन्य मामलों में क्या अनुभव रहा है। मसलन, एक समय यह मांग पुरजोर ढंग से उठती थी कि नेताओं की संपत्ति और उनके आपराधिक रिकॉर्ड का ब्योरा जनता के सामने आना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने अपनी पहल पर चुनाव लड़ने के समय इन दोनों मामलों में हलफनामा दायर करना अनिवार्य कर दिया। उससे अब यह सामने आता रहता है कि किस नेता के पास कितनी संपत्ति है और उसके सार्वजनिक पद पर रहने के दौरान उसमें कितनी बढ़ोतरी हुई। लेकिन क्या इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सचमुच मदद मिली है? या इस प्रश्न को ऐसे भी पूछा जा सकता है कि क्या इससे वो मकसद पूरा हुआ है, जिसके लिए यह मांग उठाई जाती थी? ये सवाल जजों के बारे में भी बनें रहेंगे। ताजा संदर्भ यह है कि एक संसदीय समिति ने कहा है कि जजों की संपत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के लिए कानून लाया जाना चाहिए।

अदालतों ने 2009 में जजों की संपत्ति की घोषणा का संकल्प लिया था, लेकिन बहुत कम जज इस संकल्प का पालन करते हैं। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी समिति ने अपनी 133वीं रिपोर्ट में न्यायपालिका से संबंधित कई मामलों पर अपने विचार सामने रखे हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट और देश के सभी हाई कोर्ट के जजों की संपत्ति की सूचना सार्वजनिक किये जाने का मामला भी शामिल है। यहां इस बात का जरूर उल्लेख होना चाहिए कि भ्रष्टाचार जारी रहने का एक बड़ा कारण बेनामी संपत्ति और हवाला के जरिए पैसा विदेश भेज कर वहां निवेश की सुविधा देने का चलन भी है। जब भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों इस माध्यम से पैसा बनाने के इल्जाम लगते हैं, तो यह बात जजों के मामले में भी सामने आ सकती है। जज भी नियमों और पारदर्शिता संबंधी अपेक्षाओं से बंधे रहें, यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए ऐसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए, जिनसे यह मकसद सचमुच पूरा होता हो।

## कांग्रेस और आप में सीट बंटवारे की चर्चा

दिल्ली के सेवा बिल पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा की डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की नई बनी दोस्ती को लेकर कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा, 'गुजरात में आपका वोट हाफ कर दिया, पंजाब में स्विच ऑफ कर दिया, दिल्ली में साफ कर दिया और आपने उनको माफ कर दिया'। सवाल है कि क्या सचमुच कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को माफ कर दिया है? जिस तरह से कांग्रेस नेताओं ने संसद के दोनों सदनों में दिल्ली के बिल पर आप का साथ दिया और उसके बाद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को चिट्ठी लिख कर आभार जताया उसके बाद कोई संदेह नहीं बचा है।

तभी अब चर्चा है कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की बात हो रही है, जिसका दिल्ली और पंजाब के कांग्रेस नेता कई तरह से विरोध कर रहे हैं। पंजाब में तो यहां तक कहा जा रहा है कि कांग्रेस सरकार में शामिल हो सकती है। हालांकि इन खबरों का खंडन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वडिंग ने कहा कि अगर ऐसा किसी हाल में नहीं होगा और अगर होगा तो वे इस्तीफा दे देंगे। ध्यान रहे पंजाब की 117 सदस्यों की विधानसभा में आप के 92 विधायक हैं। कांग्रेस मुख्य विपक्षी है, जिसके 18 विधायक हैं। अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होती है तो उसके बाद अकाली दल, भाजपा, बसपा और एक निर्दलीय की कुल संख्या सात रह जाएगी। यानी कोई विपक्ष नहीं बचेगा।

जानकार सूत्रों के मुताबिक पंजाब की 13 लोकसभा सीटों को लेकर कांग्रेस और आप के बीच बात हो रही है। इस समय आप का सिर्फ एक सांसद है, जबकि कांग्रेस का सात है। कांग्रेस ने पिछली बार आठ सीटें जीती थीं लेकिन जालंधर के सांसद संतोष चौधरी के निधन के बाद वहां हुए उपचुनाव में आप जीत गई। बाकी पांच में से एक संगरूर सीट सिमरनजीत सिंह मान ने जीती है और भाजपा व अकाली दल के पास दो-दो सीटें हैं। बताया जा रहा है कि आप ज्यादा सीटों की मांग कर रही है। कांग्रेस कम से कम सात सीट चाहती है। अगर कांग्रेस और आप का गठबंधन बनता है तो दूसरी ओर अकाली और भाजपा का भी गठबंधन बनेगा। यानी पिछले दो चुनावों से उलट इस बार आमने-सामने का चुनाव हो सकता है। दिल्ली के बारे में कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी पांच सीटों पर लड़ना चाहती है और कांग्रेस को दो सीट दे सकती है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता इसका विरोध कर रहे हैं। अजय माकन और संदीप चौधरी ने मोर्चा खोला है। दूसरी ओर तालमेल का समर्थन करने वालों का कहना है कि इन दोनों को अपनी लोकसभा सीट की चिंता है।

> “ कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में स्थित अपने पैतृक गांव में गया था। घर तक पक्की सड़क है, जो दोनों तरफसे राजमार्गों से जुड़ती है। बैलगाड़ियां अतीत की बात बन चली हैं। उनकी जगह ट्रैक्टर ने ले ली है। कई घरों में एसी लगे हुए थे। कुछ में कारें खड़ी हुई थीं। मुझे याद आया, सिर्फ 40 साल पहले यहां तक पहुंचने के लिए 'फोर-व्हीलर' जीप को अपने सारे गियर इस्तेमाल करने पड़ते थे।

# हमारे हौसलों की दास्तां

शशि शेखर

'एक क्षण आता है, और इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते हैं, जब एक युग खत्म होता है, और लंबे समय से दमित एक राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्ति मिलती है।' बरसों पहले जब मैं चेतना ग्रहण कर रहा था, तब मुझे भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के ये शब्द महज एक भावुक व्यक्ति की अभिव्यक्ति प्रतीत होते थे।

### मैं ऐसा क्यों सोचता था?

उस समय चारों ओर फैली गरीबी देखकर लगता था कि हमारी आजादी अधूरी है। पितामह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, वह अक्सर कहते- 'तुम लोग भाग्यशाली हो कि तुमने आजाद मुल्क में जन्म लिया।' मैं और मेरे साथ के किशोर पूछते कि भला आजादी और गुलामी में फर्क क्या है? उन दिनों हमें इलाहाबाद (अब प्रयागराज) से अपने गांव तक पहुंचने के लिए 17 से 18 घंटे का सफर तय करना पड़ता था। लगभग 450 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान एक बार ट्रेन बदलनी होती और पांच से छह किलोमीटर का कच्चा रास्ता बैलगाड़ी से तय करना होता। कुछ निराशावादी उन दिनों कहते थे कि आजादी हमें पांवों से इस छकड़े तक ले आई है।

ऐसा कहने के पीछे उनका आशय होता था कि पहले अंग्रेज साहब बहादुर घोड़े पर चलते थे और हम पैदल। अब सिर्फ इतनी प्रगति हुई है कि हम बैलगाड़ी पर चल रहे हैं। बिजली, टेलीफोन, नल में बहता जल, शौचालय, सिनेमा हॉल, ये सब गांव के बच्चों के लिए परीकथा जैसी चीजें होती थीं। लोग हमारे कपड़े छूकर देखते थे कि वे टेरीलीन के हैं या सूती? जाड़े के दिनों में गरम कपड़े उनके लिए किसी बड़ी नेमत से कम नहीं होते थे। निर्धनों के यहां तो ये हालात थे कि महिलाएं सिर्फ एक जीर्ण-शीर्ण साड़ी में महीनों गुजार देती थीं। सूरज उगने से निपट पहले किसी निर्जन इलाके में वे अपनी साड़ी को धोतीं और उसी का परदा बनाकर उसके पीछे तब तक छिपी बैठी रहतीं, जब तक वह सूख न जाए। सूखने के बाद उसे देह में लपेटतीं और काम पर निकल जातीं। बारहों महीने, मौसम-दर-मौसम उनकी यही दिनचर्या रहती।

इस अधूरेपन से उपजे असंतोष के बीच तब सोचा न था कि हमारा देश एक दिन इस तेजी से दौड़ रहा होगा।

कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में स्थित अपने पैतृक गांव में गया था। घर तक पक्की सड़क है, जो दोनों तरफसे राजमार्गों से जुड़ती है। बैलगाड़ियां अतीत की बात बन चली हैं। उनकी जगह ट्रैक्टर ने ले ली है। कई घरों में एसी लगे हुए थे। कुछ में कारें खड़ी हुई थीं। मुझे याद आया, सिर्फ 40 साल पहले यहां तक पहुंचने के लिए 'फोर-व्हीलर' जीप को अपने सारे गियर इस्तेमाल करने पड़ते थे।

गांव के मंदिर में उस समय कुछ महिलाएं जुटी हुई थीं। वे कोऑपरेटिव सोसायटी चलाती हैं। उन्हें मालूम है कि छोटी से छोटी राशि का इस्तेमाल अगर सही तरीके से किया जाए, तो वह पूंजी बन जाती है। मुझे याद आया कि 1960 के



दशक में 'बरफ का गोला' खरीदने के लिए हम बच्चे घर की रद्दी बेचा करते थे। उस समय मुद्रा के साथ वस्तुओं के विनिमय का प्राचीनतम तरीका प्रचलित था।

मैंने यह किस्सा जब गांव में अपनी तीसरी पीढ़ी के बच्चों को बताया, तो वे अविश्वास से खिलखिला उठे। कौतूहल और अविश्वास से भरी उनकी हंसी नया दिलासा देती है कि भारत को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। अमृतकाल का यह आत्मविश्वास यूं ही नहीं पनपा है। इसकी बुनियाद हमारे इतिहास में है। ब्रिटिश अर्थशास्त्री एंगस मैडिसन ने लिखा है- ईस्वी सन 1000 यानी राजपूत युग में भारत का विश्व की समूची जीडीपी में एक-चौथाई से अधिक योगदान था। मुगलकाल में भी यह 27 फीसदी तक बना रहा। इस पर असली चोट पहुंचाई पश्चिम के हुक्मरानों ने। मध्य एशिया अथवा अरब से आए आक्रांताओं और उनके नजरिये में बुनियादी फर्क था। अंग्रेज, फ्रेंच और पुर्तगीज यहां बसने के लिए नहीं, लूटने के लिए आए थे। उन्होंने यह काम बड़ी जतन से किया।

अंग्रेजों का देश के सबसे बड़े भूभाग पर कब्जा था, इसलिए उन्हीं का उदाहरण देता हूं। सन 1757 में जब रॉबर्ट क्लाइव ने नवाब सिराज-उद्-दौला को हराया था, तब तय हो गया था कि भारत के अधिकतर हिस्से पर बर्तानिया की हुकूमत स्थापित होने जा रही है। अगले लगभग दो सौ साल उन्होंने 'सोने की चिड़िया' के प्राण खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालात इतने खराब हो गए थे कि वर्ष 1900 से 1947 के बीच भारत की विकास दर महज 0.07 फीसदी रह बची थी। 15 अगस्त, 1947 को जब अंग्रेज विदा हुए, तब 90 फीसदी से अधिक हिन्दुस्तानी दारिद्र्य की स्थिति में जी रहे थे और साक्षरता दर सिमटकर सिर्फ 12 प्रतिशत रह गई थी। यहां एक और दुखद तथ्य आपसे साझा करना चाहूंगा। प्लासी की लड़ाई के वक्त अकेले मुर्शिदाबाद में समूचे इंग्लैंड से अधिक मदरसे और पाठशालाएं थीं।

जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में तिजारत करने के लिए सूरत में जगह देने की जो गलती की थी, उसे समूचे देश ने अपने जिस्म-ओ-जान पर भोगा था।

मुझे आपसे यह कहते हुए फख्र महसूस हो रहा है कि जिन अंग्रेजों ने हमें इस बदहाली तक पहुंचाया था, आज उनसे हमारी अर्थव्यवस्था एक पायदान ऊपर है। वर्ष 2030 तक भारत हर हाल में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा और अगले दो दशक में वह दूसरे मुकाम पर पहुंच चुका होगा। अंग्रेजों ने हमें पौने दो सौ साल लगातार लूटा, लेकिन हम सौ साल में या तो उस पुरानी स्थिति में पहुंच चुके होंगे या पहुंचने वाले होंगे।

यह कमाल अपार भारतीय जिजीविषा और विशाल कामकाजी आबादी के चलते हुआ है।

लेकिन आर्थिक सफलता ही सब कुछ नहीं होती। मणिपुर और हरियाणा जैसी घटनाएं हमें चेताती हैं। जेब भले ही कितनी भारी हो जाए, पर देशवासियों के दिल मिले बिना कोई देश अपने भविष्य को मुकम्मल नहीं बना सकता। यकीनन, हमें सामाजिक और आर्थिक विषमता के मोर्चे पर पूरी समझदारी और संवेदना के साथ जुटना होगा। यहां मैं सरदार पटेल के इस कथन से अपनी बात खत्म करना चाहूंगा- 'प्रत्येक भारतीय नागरिक को यह अवश्य याद रखना चाहिए कि वह एक भारतीय है और उसे इस देश में सारे अधिकार हासिल हैं, लेकिन कुछ कर्तव्यों के साथ!'


सामाजिक वैमनस्य को हम सिर्फअपने सामाजिक दायित्व से दूर कर सकते हैं। क्या आप अपने महान पुरखों की याद में देश की आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर यह प्रण लेना पसंद नहीं करेंगे?

# बचपन में जिसे बहुत कोसते थे रिश्तेदार

एफएन सूजा, चित्रकार

अगर किसी को बार-बार कमतरी का एहसास कराया जाए, तो वह व्यक्ति धीरे-धीरे अपने को तन-मन-धन से घटाता चला जाता है और एक दिन आता है, जब वह अपने असली स्वरूप को ही भूल जाता है। शायद अपने प्यारे देश भारत के साथ भी ऐसा ही हुआ है और गोवा के उस लड़के के साथ भी ऐसा हुआ था। होश संभालते ही उस लड़के को, बार-बार बोलकर, यह एहसास करा दिया गया था कि वह अवांछित है, वह सुंदर नहीं है। अपशकुनी है। जब वह छोटा ही था और मां महज 23 साल की थीं, तब पिता का साया उठ गया था। उसके एक साल बाद बड़ी बहन भी चल बसी थी। बाद में उस लड़के का परिवार जब भी एक जगह जुटता था, तब बुरे दौर को याद किया जाता था। कैसे मां, मौसी, दादी और सभी रिश्तेदारों ने यह कहते हुए गहरा शोक मनाया था कि हे भगवान, ले जाना था, तो इस लड़के को ही दुनिया से ले जाते। उस मासूम बच्ची को छोड़ देना चाहिए था, जो बहुत सुंदर थी, अपनी उम्र के हिसाब से बहुत बुद्धिमान भी थी, बड़ी प्यारी थी। वह बहुमूल्य चली गई और यह बेमोल यहां छूट गया। यह लड़का, जिसकी नाक भी बहती है और कान भी। एक विक्षिप्त सा नजर आता है, डरपोक है, हर किसी से डरता है, यहां तक कि बच्चों से भी दूर भागता है।

अकेली मां का अकेला बच्चा वाकई खुद को अपशकुनी मानने लगा। मां गुजारे के लिए गोवा से मुंबई आ गईं, पर मुंबई में वह लड़का बुरी तरह बीमार पड़ गया। स्वास्थ्य लाभ के लिए मां से दूर दादी के पास गोवा लौटना पड़ा। मां जिंदगी से इतनी निराश थीं कि उन्होंने मन्नत मांगी कि बच्चा अगर ठीक हो गया, तो उसे चर्च की सेवा में लगा देंगी। मानो उसे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया था। वह लड़का घंटों चर्च में बैठा रहता था, ईसा मसीह को सलीब पर टंगा देखता रहता था। एक दिन उसे एहसास हुआ, संसार में कुछ भी पूरा सुंदर नहीं है। हर जगह मुश्किलें हैं, मुसीबतें हैं, जख्म और दर्द हैं। बाहर संसार से अंदर चर्च तक, विकृत दुनिया के दृश्य पूरे विस्तार में दिखने लगे, मन-मस्तिष्क पर बसने लगे और तब एक कला मन को



आकार मिला।

चर्च में जीसस की प्रतिमा सुंदर नहीं है, पर एक ऐसा सच है, जिसे छिपाया नहीं जा सकता। सलीब पर चढ़ने और हाथ-पैर में कील ठुक जाने का स्याह सच। किसी को भी अच्छी दुनिया थाली में परोसकर नहीं मिलती, कोई जीसस जैसा पैगंबर भी आता है, तो उसे लड़कर अपना रास्ता तैयार करना पड़ता है। बीमारी ठीक हुई, तो बुद्धि भी कला की राह पर चल पड़ी। ठान लिया, कुछ ऐसा करना है कि सब लोग देखें।

खैर, मन्नत के मुताबिक, मां ने प्रीस्ट बनाने के लिए स्कूल में डाल दिया, पर वहां जल्दी ही मन उचटने लगा। ऐसी शिक्षा किस काम की, जो सिर्फ रसूखदार बनाती है, भले ही असली ज्ञान रत्ती भर न हो, मन में न प्रेम हो, न दया। उनका कला मन आजादी मांगने लगा। एक दिन स्कूल के प्रिंसिपल ने भी घोषणा कर दी, फ्रांसिस न्यूटन सूजा तुम्हें भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने की वजह से स्कूल से निकाला जाता है। बाद में वह जे जे स्कूल ऑफ आर्ट्स से भी निकाले गए, पर उन्होंने अपना स्वभाव नहीं छोड़ा। जिस बच्चे को कभी कोई देखना पसंद नहीं करता था, उसने बड़े होकर ऐसे चित्र बनाए, जिन्हें देख दुनिया स्तब्ध हो गई। जल्दी ही वह देश के बड़े और महंगे कलाकार बन गए।

कोई आश्चर्य नहीं, सूजा (1924-2002) के चित्रों में ऐसी मानव आकृतियां हावी रहती थीं, जो बदरूप और टेढ़ी-मेढ़ी थीं। उन्होंने अपने चित्रों में इंसानियत और इंसान, दोनों को बे-आवरण खड़ा कर दिया। देश जब आजाद हुआ, तब वह बेचैन थे कि विभाजन से घायल देश को कला की किस दिशा में बढ़ना चाहिए। सूजा ने रजा, तैयब, आरा, गायतोंडे, हुसैन जैसे नामी भारतीय चित्रकारों के साथ मिलकर प्रोग्रेसिव आर्ट ग्रुप की स्थापना की। बाद में वह इंग्लैंड चले गए, अमेरिका में भी रहे, पर उनका मन हमेशा भारत में रहा। उनकी मां कभी एक-एक रुपये में लोगों के कपड़े सिला करती थीं, ताकि गुजारा चल सके और एक दिन वह भी आया, जब उनके अवांछित बच्चे के एक-एक चित्र करोड़ों रुपये में बिकने लगे। सूजा का जीवन अपने आप में संदेश है कि हर मानव जीवन बहुमूल्य है। किसी भी स्थिति में किसी को कोसने से बचना श्रेष्ठ मानवीय स्वभाव है।

ध्यान रहे, बचपन में खूब कोसे गए सूजा बाद के दिनों में भी निराश हो जाते थे। उन्होंने लिखा है, 'अच्छा होता कि मैं मर जाता, तो आगे मिली परेशानियों से बच जाता। मुझे एक कलाकार की व्यथित आत्मा को सहन नहीं करना पड़ता। ऐसे देश में रहते कला सृजन नहीं करना पड़ता, जो अपने कलाकारों का तिरस्कार करता है और अपनी समृद्ध विरासत से अनभिज्ञ है।'


**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

# पूर्वाग्रहों से ग्रसित सोच का दंश झेलते पुरुष

डॉ. ऋतु सारस्वत

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने एक मामले में अहम टिप्पणी देते हुए कहा कि 'किसी पुरुष पर दुष्कर्म का झूठा आरोप उतना ही भयावह और पीड़ा देने वाला होता है जितना किसी महिला के साथ दुष्कर्म का झूठा आरोप, आरोपी को भी कष्ट, अपमान और नुकसान पहुंचाता है। ऐसे मामलों में अदालत का कर्तव्य बनता है कि वह सावधानी और बारीकी से हर पहलू को देखें।'

उल्लेखनीय है कि कुछ इसी तरह के मामले में पिछले माह इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा था 'दुष्कर्म के झूठे मुकदमों की प्रवृत्ति इतनी तेजी से बढ़ रही है कि वास्तविक मामले अपवाद जैसे लगने लगे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि अदालतें ऐसे मामलों में जमानत याचिकाओं की सुनवाई करते समय बहुत सतर्क रहें। कानून पुरुष के खिलाफ बहुत पक्षपाती है। एफआईआर में बेबुनियाद आरोप लगाना और किसी को भी फंसा देना बहुत आसान है। इसलिए यौन अपराधों से जुड़े मामलों में आरोपियों के अधिकारों की भी रक्षा होनी चाहिए तथा उनका पक्ष भी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। देश की उच्च अदालतों की यह टिप्पणियां एक ऐसे सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रही हैं जहां बदला लेने का भाव मर्यादा के हर बंधन को तोड़ते हुए अमानवीयता का पक्षधर बनता हुआ दिखाई दे रहा है। यह तय है कि अगर भविष्य में इस प्रवृत्ति पर रोक नहीं लगी तो समाज पूरी तरह बिखर जाएगा।



प्रश्न यह है कि यकायक पिछले दशकों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों का दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति क्यों बढ़ी? इस प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर है हमारा वह सामाजिक ढांचा जो उस विचारधारा के इर्द-गिर्द घूमता है कि महिलाएं बेहद संजीदा व संवेदनशील होती हैं।

उल्लेखनीय है कि 2013 में देश की शीर्ष अदालत ने 'कैनी राजन बनाम केरल राज्य' के मामले में निर्णय देते हुए इस बात को लेकर चिंता जताई थी कि 'दुष्कर्म के मामलों में न केवल पीड़िता के बयान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है बल्कि उसे ससम्मान स्वीकार भी कर लिया जाता है लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी भी होती हैं जब न्यायालय को संशय होता है और अगर इन परिस्थितियों के मध्य पीड़िता के प्रमाणित बयान को स्वीकार किया जाए तो वह उचित नहीं होगा।' विद्रूपता यह है कि पुरुषों को बिना किसी तथ्यात्मक आधार के असंवेदनशील व उच्छृंखल माना जाता है। महिलाएं स्वयं इस सत्य से भलीभांति परिचित हैं कि समाज से लेकर पुलिस महकमा भी उनके प्रति सहानुभूति का भाव रखता है और उनके हर कथन को सत्य मानकर चलता है बिना इस तथ्य पर विचार किए कि महिलाएं एवं पुरुष स्वभावगत एक जैसे होते हैं। दोनों में ही ईर्ष्या, द्वेष तथा क्रोध जैसे भाव समान रूप से प्रवाहित होते हैं परंतु पुरुषों के प्रति घोर पूर्वाग्रह उन्हें आरंभ से ही अपराधी मानकर चलता है।

जॉन डेविस ने अपनी पुस्तक 'फॉल्स एक्यूजेशंस ऑफ रेप : लिंचिंग इन द फर्स्ट सेंचुरी' में उन मिथकों का वैज्ञानिक खंडन प्रस्तुत किया है कि महिलाएं दुष्कर्म के बारे में झूठ नहीं बोलती हैं। डेविस ने अनेक आंकड़ों के आधार पर अपने विस्तृत शोध में इस तथ्य को गंभीरता से उठाया है कि दुष्कर्म के झूठे आरोपों से पुरुष का पारिवारिक और सामाजिक जीवन तो समाप्त हो ही जाता है, वह अवसाद और मानसिक पीड़ा से भी नहीं उबर पाता।

सबसे दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जब किसी पुरुष के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप लगता है तो मीडिया से लेकर आम जन समूह, तथा नारीवादी संगठन त्राहि-त्राहि करते हैं बिना वास्तविक तथ्य को जाने, उसे सामाजिक बहिष्कार, अपमान और असहनीय पीड़ा दी जाती है और अंततोगत्वा जब वह भी निर्दोष सिद्ध होता है तो कहीं भी इस संबंध में चर्चा तक नहीं होती।

नवंबर 2014 में 'रेप ऑन केंपस' नाम से रोलिंग स्टोन में प्रकाशित सबरीना रूबिन एर्डली के लेख ने दुनियाभर में हलचल मचा दी थी। वर्जीनिया विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर सबरीना ने विश्वविद्यालय के डीन तथा अन्य अधिकारियों पर लापरवाही जैसे आरोप लगाए परंतु चार्लोट्सविले पुलिस विभाग की जांच में दुष्कर्म जैसी किसी घटना के कोई सबूत नहीं मिले। दस सदस्यीय जूरी ने रोलिंग स्टोन की रिपोर्टर को मानहानि के लिए उत्तरदायी माना।

यह सहज कल्पनीय है कि किस तरह दुष्कर्म की एक काल्पनिक घटना को बेहद ही सजीव ढंग से चित्रित करने से तथाकथित रुप से समाज के जिम्मेदार लोगों ने भी त्वरित रूप से इस बात पर भरोसा किया। रिचर्ड वेबास्टर का लेख 'द सीक्रेट ऑफ ब्रायन एस्टिन' उन सांस्कृतिक संदर्भों, विश्वास और झूठे आरोपों को सच करने और स्वीकार करने के लिए प्रेरक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। वह कारक जो एक निर्दोष व्यक्ति की सजा में योगदान देते हैं, के संबंध में वॉकर तथा स्टार्मर ने अपने अध्ययन 'मिस कैरिजेज ऑफ़ जस्टिस : ए रिव्यू ऑफ जस्टिस इन एरर' में विस्तृत चर्चा की है। उनका मानना है पुलिस तथा अभियोजन जांच में पुष्टिकरण पूर्वाग्रह, अपर्याप्त कानूनी सुरक्षा, संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह, मीडिया रिपोर्ट का प्रभाव निर्दोष व्यक्ति के सत्य को दबा देता है।

भारत का कठोर यौन उत्पीड़न कानून इस तरह से तैयार किया गया है कि अभियोजन पक्ष अधिक प्रभावी ढंग से पैरवी कर सके और पीड़ित के सम्मान की बहाली हो सके। लेकिन इस कानून के बेजा इस्तेमाल से पुरुषों की स्थिति बेहद दुखद हो चुकी है। वर्ष 2016 में दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुष्कर्म के झूठे आरोपों का सामना कर रहे पुरुषों की सुरक्षा और उनकी प्रतिष्ठा बहाल किए जाने के लिए कानून बनाए जाएं क्योंकि हर कोई सिर्फ महिलाओं के सम्मान को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### छात्रावासों में सभी मूलभूत व्यवस्था हो : प्रभारी मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम जिले के प्रवास पर पहुँचे। इस दौरान वे सुबह 7 बजे मनेंद्रगढ़ विकासखंड के आश्रम-छात्रावासों के निरीक्षण के लिए निकले। प्रभारी मंत्री मरकाम ने जिले के प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास मनेंद्रगढ़, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक जनजाति कन्या छात्रावास मनेंद्रगढ़, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास खोंगापानी, बालिका आश्रम खोंगापानी का निरीक्षण कर छात्रों से बात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें अवगत कराने की बात की। उन्होंने मध्याह्न भोजन में बन रहे भोजन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही हॉस्टल अधीक्षकों सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों को छात्रों के लिए सभी मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री को सुबह अपने बीच पाकर छात्रावास के बालक बालिका खुश नजर आए।

### सतनाम भवन में मिनीमाता स्मृति दिवस पर महिलाओं का सम्मान

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र.5041 राजनांदगांव के तत्वावधान में 11 अगस्त को मिनीमाता जी की 51वीं स्मृति दिवस पर मिनीमाता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिनीमाता अमर रहे के नारा लगाये गये। मिनीमाता जी की तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर मिनीमाता द्वारा समाज एवं देश के लिये किये गये कार्यो की जानकारी अतिथिद्वय द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेश पाटिला अध्यक्ष जिला अंत्यावसायी वित्त आयोग छ.ग.शासन, पदम सिंह कोठारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, श्रीमती हेमा देशमुख महापौर राजनांदगांव, रामजी भारती पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग, कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, पंकज बांधव छ.ग. राज्य शासन वनरोपण विकास प्राधिकरण, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सुलोचना मारकंडे, उत्तरा कुर्रे, प्रतिक्षा भंडारी अध्यक्ष जिला पंचायत, शिशुपाल भारती, श्रीमती सुशिला खिलारी, पूर्व अध्यक्ष जिला सतनामी सेवा समिति लोकनाथ भारती, अजय मारकंडे अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, प्रो. जी.पी. रात्रे, पी.आर.देशलहरे सहित समिति के पदाधिकारी साधुसंत, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा जिले भर के महिला जिन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिए हैं, उनका सम्मान पुष्पमाला स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। मंच संचालन प्रो.जी.पी. रात्रे ने किया और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी श्रीमती सुलोचना मारकंडे, बिंदु कुर्रे, डॉ. रीना पाटिला आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# छत्तीसगढ़ की तर्ज पर भारत सरकार 12वीं के साथ आईटीआई कराने पर विचार कर रही और हमने प्रमाण पत्र भी वितरित कर दिए : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर भारत सरकार 12वीं के साथ आईटीआई कराने पर विचार कर रही और हमने हायर सेकेण्डरी पास करने वाले छात्र-छात्राओं को आईटीआई प्रमाण पत्र भी वितरित कर दिए हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक भर्ती – 2023 के अंतर्गत व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र एवं 292 छात्र-छात्राओं को हायर सेकेंडरी सह आई.टी.आई. ट्रेड प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कही।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज रोजगार के क्षेत्र में आईटीआई पास युवाओं की बहुत आवश्यकता है। ऐसे विद्यार्थी जो आईटीआई करना चाहते थे उन्हें हायर सेकेंडरी पास करने के बाद एक साल आईटीआई की ट्रेनिंग करना पड़ता है, इससे समय बहुत लगता है लेकिन आज 12वीं पास करते ही छात्र-छात्राओं के पास एक सर्टिफिक्रेट होगा, जो आपको चयनित ट्रेड का एक्सपर्ट बना देगा। इस डिग्री से आप जॉब भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सबके अपने सपने होते हैं, उन सपनों को साकार करने में माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान है, खुद की मेहनत उससे भी महत्वपूर्ण है, लेकिन थोड़ा सा सहयोग सरकार की ओर से भी है। आप अपने सपने साकार करने की दिशा में आगे बढ़ सके इसलिए एक प्रयास छत्तीसगढ़ सरकार ने किया और आज उसे भारत सरकार भी अपनाने के लिए आतुर है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा 12वीं के साथ आईटीआई का प्रमाण पत्र मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने नियुक्त व्याख्याताओं और हायर सेकेंडरी के साथ-साथ आई.टी.आई. ट्रेड प्रमाण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम लगातार कार्य कर रहे हैं, हमारी सरकार ने लगभग 27 हजार शिक्षकों की भर्ती की है। नियुक्ति पत्र प्रदान करने की शुरुआत आज हुई है अब यह क्रम लगातार चलता रहेगा। जो कल तक बेरोजगार थे आज उन्हें रोजगार मिल गया है। उन्होंने नव नियुक्त व्याख्याताओं से कहा कि आज से आपका संकल्प होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ऊंचाई में ले जाना है। जहां भी आपकी ड्यूटी लगे पूरे मनोयोग से बच्चों को पढ़ाएं, उन्हें योग्य बनाएं। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प हम आपके माध्यम से हम पूरा करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सुलभ उपलब्ध हो सके इसलिए हमने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूलों की शुरुआत की है। आज हमारे प्रदेश में 727 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में साढ़े चार लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ रहे हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि हमारी सबसे अच्छी योजनाओं में से एक योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल योजना है। इन स्कूलों से जब बच्चे पढ़कर निकलेंगे, तब हम सब गौरवान्वित महसूस करेंगे। इसी प्रकार से 10वीं और 12वीं में पढ़ रहे बच्चों के लिए हमने आईटीआई का कोर्स करना शुरू किया, इसका परिणाम है कि आज 12वीं पास होते ही उनके हाथ में दो सर्टिफिक्रेट है, एक 12वीं का और दूसरा आईटीआई का।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुझे खुशी है कि भारत सरकार जो अभी सोच रही है, उसे करने में हम 2 साल आगे हैं। आज आईटीआई पास बच्चे जितने खुश हैं, उतनी ही खुशी हमारे ट्रेनर के चेहरों में भी दिखाई पड़ रही है, ट्रेनर्स आज तक केवल आईटीआई पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाते थे, लेकिन आज वह नए तरीके से ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस कोर्स को हमने 2 साल में बांटा है, पहला साल जिसमें अच्छी तरह थ्योरी की पढ़ाई हो सके, तो दूसरा साल प्रैक्टिकल। दोनों अलग-अलग काम है और जरुरी भी। स्कूल के विद्यार्थियों को हायर सेकेंडरी के साथ-साथ आई.टी.आई. ट्रेड कराने में एक बड़ी चुनौती है, जिन स्कूलों के पास आई.टी.आई. ट्रेड हैं वहां कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन जिन स्कूलों से यह संस्थान दूर हैं उन्हें थोड़ी मुश्किल होगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि टेक्नोलॉजी भविष्य की जरुरत है, इसे देखते हुए हमने 36 आईटीआई के उन्नयन के लिए टाटा टेक्नोलॉजिस के साथ 1186 करोड़ रूपए का एमओयू किया है। जिसके माध्यम से बहुत सारे ट्रेड आएंगे, जो देश-दुनिया की आवश्यकता है। इससे 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारा लगातार प्रयास है कि सभी को रोजगार मिले, हम बेरोजगारी भत्ता बांट रहे हैं, रोजगार मिल सके इसलिए युवाओं को विभिन्न ट्रेडो का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता बांटने में इतनी खुशी नहीं होती जितनी खुशी युवाओं के पास नौकरी देखकर होती है। हमारे हुनरमंद युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से हमने ग्रामीण क्षेत्रों में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की है, हम शहरों में हम अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बना रहे हैं ताकि युवाओं को अपने व्यापार, व्यवसाय के अवसल मिले। इस अवसर पर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी मंत्री श्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की पहल कि विद्यार्थियों को बारहवीं की शिक्षा के साथ ही साथ आई.टी.आई. की डिग्री भी मिल रही है। हमारी ये व्यवस्था आज केंद्र सरकार भी अडॉप्ट कर रही है, किसी भी पहल की सफ्लता यही है।

## विश्व हाथी दिवस : आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। हाथी विश्व दिवस के उपलक्ष्य में आज वनमण्डल धरमजयगढ़ में वर्ल्ड एलीफेन्ट डे-इंडिग द इल्लिगल वाईल्ड लाईफ ट्रेड की थीम पर आत्मानंद स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की शुरूआत की गई और हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई।

स्वामी आत्मानंद स्कूल, धरमजयगढ़ के बच्चों को काष्ठागार डिपो धरमजयगढ़ में द एलीफेन्ट व्हिस्परर्स मूवी का स्क्रीनिंग किया गया और हाथी व्यवहार के बारे में बताया गया। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे चित्रकला, निबंध, क्विज कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया और विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस मौके पर धरमजयगढ़ दौरे पर आए एपीसीसीए अरुण पांडे द्वारा हाथी मित्र दल और ट्रैकर से मुलाकात कर मानव हाथी द्वंद्व की जानकारी ली और अपने अनुभव साझा किए। हाथी मित्र दल को टॉर्च, छाता, फर्स्ट एड किट सामग्री का वितरण भी किया गया।

संवेदना अभियान के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के बारे में अवगत कराना है। अवैध तरीके से जंगल में शिकार के उद्देश्य से बिछाए जाने वाले जीआई तार से होने वाले वन्यप्राणियों के नुकसान, स्थानीय ग्रामीणों की जन हानि और पशुधन के नुकसान के संबंध में अवगत कराना है। संवेदना अभियान के अंतर्गत ग्रामीणा को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत वन अपराध, सजा के प्रावधानों आदि से अवगत कराना है और अपराध घटित होने से पूर्व ग्रामीणों को इसकी गंभीरता के बारे में अवगत कराना है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा एक नैतिक और साझा जिम्मेदारी है।

## एक साल में अरूण साव भाजपा कार्यकर्ताओं का भी भरोसा नहीं जीत पाये- कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भाजपा के अध्यक्ष अरूण साव के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अंततः उन्होंने एक वर्ष कार्यकाल पूरा कर ही लिया उनको शुभकामनायें, लेकिन इस एक साल में जनता का तो छोडिये अरूण साव भाजपा के कार्यकताओं का भी भरोसा नहीं जीत पाये, भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व भी उनके नेतृत्व क्षमता पर भरोसा नही कर पा रहा है यही कारण है कि छोटी-छोटी समितियों को बनाने के लिये स्वंय अमित शाह और ओम माथुर को बैठना पड़ता है अमित शाह को भाजपा के



नियमित संगठनिक कार्यो को पूरा करने चुनाव तैयारियों की बैठक लेने हर हफ्ते छत्तीसगढ़ आना पड़ता है। भाजपा अपने अरूण साव को अपना चेहरा मानने तक से इंकार करती है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अरूण साव को विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है न उनका शीर्ष नेतृत्व उन पर भरोसा कर रहा है और न ही राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता उनका नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार है और न ही भाजपा के कार्यकर्ता उन पर भरोसा करने को तैयार है ऐसे में अरूण साव भाजपा के बेचारे अध्यक्ष साबित हो रहे है। सिवाय मोदी की चाटुकारिता के उनके पास कोई काम नही बचा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता उनकी सरकार की योजनाओं के सामने छत्तीसगढ़ में भाजपा के सारे नेता बौने साबित हो गये है। भाजपा नेतृत्व को समझ ही नही आ रहा किसे आगे करे इसीलिये भाजपा ने साढ़े चार साल में चार अध्यक्ष बदल लिया, नेता प्रतिपक्ष बदल लिया। 2018 में धरमलाल कौशिक के अध्यक्ष रहते भाजपा विधानसभा चुनाव हार गयी। उसके बाद विक्रम उसेंडी अध्यक्ष बनाये गये उनके नेतृत्व में चित्रकोट, दंतेवाड़ा उपचुनाव, निकाय चुनाव हारने के बाद नया अध्यक्ष विष्णुदेव साय को बनाया गया उनके नेतृत्व को भी जनता ने नकार दिया दो उपचुनाव मारवाही, खैरागढ़ पंचायत और नगरीय निकाय के दूसरे चरण में भाजपा बुरी तरह हार गयी अब अरूण साव को आगे लेकर आये है। उनके नेतृत्व में भाजपा भानुप्रतापपुर उपचुनाव हार गयी अब 2023 का विधानसभा चुनाव हारने की तैयारी है।

### सामाजिक-आर्थिक हर मोर्चे पर सूचकांकों में हुए सुखद बदलाव

# गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के 5 साल अच्छी योजनाएं, बेहतर सूचकांक

### छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्थिति में हुआ विकास शिशु मृत्यु दर में गिरावट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बीते पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिति में बड़े पैमाने पर काफी सुधार हुआ है। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके बेहतर क्रियान्वयन से ये परिणाम देखने को मिल रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 के अनुसार इस दौरान नवजात मृत्यु दर 42.1 प्रतिशत से घटकर 32.4 प्रतिशत हो गई है। शिशु मृत्यु दर में भी काफी कमी आई है। यह 54.0 प्रतिशत से घटकर 44.3 प्रतिशत हो गया है।




पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के मामले में भी कमी देखी गई है। यह 64.3 प्रतिशत से घटकर 50.4 प्रतिशत हो गई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रदेश में उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रणनीति बनाई ताकि प्रदेश में हर माता और शिशु दोनों स्वस्थ रहें। इन्ही कोशिशों का यह परिणाम है कि प्रदेश में संस्थागत प्रसव में भी काफी बढ़ोतरी हुई है।

प्रदेश में शिशुओं की मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहे हैं। राज्य के 14 मेडिकल कालेज, 26 जिला अस्पतालों में सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट की स्थापना की गई है, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग स्वयं एम्स रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कव्हर किए गए परिवारों की संख्या 68.5 प्रतिशत से बढ़कर 71.4 प्रतिशत हो गई है।

राज्य सरकार द्वारा घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए बेहतर कार्य किए गए हैं । जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल भी मिल रहा है।

इसीका नतीजा है कि पेयजल उपलब्धता 96.3 प्रतिशत से बढ़कर 98.8 प्रतिशत हो गई है। बेहतर सेनिटेशन सुविधा को उपयोग करने वाले घरों की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जो 34.8 प्रतिशत से बढ़कर 76.8 प्रतिशत हो गया है। खाना पकाने के लिए स्वस्थ ईंधन उपयोग करने वाले परिवारों का 22.8 प्रतिशत बढ़कर 33.0 प्रतिशत हो गई हैं।

छत्तीसगढ़ की महिलाएं भी अब आधुनिक तकनीकी का उपयोग करने लगी है। आज के वर्तमान परिवेश में सभी के पास इंटरनेट, मोबाइल, लैपटाप, कम्प्यूटर आदि अन्य संचार साधनों का उपयोग करने लगे हैं। महिलाएं इंटरनेट के उपयोग के मामले में आगे बढ़ रही है। अब 26.7 प्रतिशत महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करने लगी हैं वही 56.3 प्रतिशत पुरूष इंटरनेट का उपयोग करते हैं। आधुनिक परिवेश में सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। महिलाएं उच्च शिक्षा लेने के बाद रोजगार की तलाश करने के बाद ही शादी करना चाहती है, जिसके कारण अब महिलाएं 24 वर्ष से अधिक उम्र में शादी कर रही हैं।

## मतदाता जागरूकताः बच्चों और समूह की महिलाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज लगभग 500 स्कूली बच्चों और स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर शत् -प्रतिशत मतदान और मताधिकार का उपयोग करने लोगों को संदेश दिया। मतदाता जागरूकता के तहत जिलेभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गरियाबंद के गांधी मैदान में महिला और बच्चों ने मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। यह रैली इंडोर स्टेडियम में पहुंचने के पश्चात मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। महिला और बच्चों ने गरियाबंद जिले के नक्शे को मानव श्रृंखला के रूप में प्रदर्शित किया। साथ ही शत-प्रतिशत वोट का भी मानव श्रृंखला निर्माण किया। महिला समूहों ने चुनई तिहार शब्द को मानव श्रृंखला के रूप में प्रदर्शित कर लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके तहत छात्र -छात्राओं ने लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वाने का आह्वान किया। इसके अलावा इंडोर स्टेडियम में ईव्हीएम मशीन भी प्रदर्शित किया गया। इसके माध्यम से लोगों को मॉकपोल और वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टरनवीन भगत, उप संचालक पंचायत श्रीमती पदमनी हरदेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# जिस जगह पर शहीद वीरनारायण सिंह ने बलिदान दिया, खुशी की बात की वहीं पर स्थापित की उनकी प्रतिमाः मुख्यमंत्री बघेल

## रायपुर शहर को दी 132 करोड़ 42 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात, शहीद वीरनारायण सिंह की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर शहर को 132 करोड़ 42 लाख रुपये के कई विकास कार्यो की सौगात दी। बघेल ने रायपुर शहर के बीच ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक पर शहीद वीर नारायण सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने छतीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के अंडरग्राउंड केबलिंग व विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। यह काम 102 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 1857 के गदर के समय दिल्ली, झांसी, अवध आदि विद्रोह के केंद्र थे। छत्तीसगढ़ भी लड़ाई में पीछे नहीं था। वीरनारायण सिंह के पास जमींदारी भी थी इसके बावजूद अंग्रेजों के हुक्म को मानने से इंकार कर दिया। लड़ाई हुई और मुखबिर की सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ा गया। 10 दिसंबर को जयस्तंभ चौक में उन्हें फांसी दी गई। बताते हैं कि कई दिनों तक उनके शव को फांसी से उतारा नहीं गया ताकि लोगों में खौफ आ जाए। उनके वंशज गांव छोड़कर भागे, छूपकर रहे। उनके परिवार को बड़ी तकलीफहुई। बाद में उनकी वंशावली बनाई गई और शासन से उनके वास्तविक वंशजों को मान्यता मिली। ऐसे शहीदों के बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ। आज मुझे इस बात की खुशी है कि जिस जगह पर उन्होंने बलिदान दिया, वहीं पर उनकी 15 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई। मुझे इस बात की खुशी है कि जिला प्रशासन ने यह अच्छा कार्य किया है। आज रजक गुड़ी का लोकार्पण भी मैंने किया है। बहुत से सरोवरों-उद्यानों के जीर्णोद्धार का आज लोकार्पण हुआ है। बहुत से समाज के लोग जुटे हैं। आज 36 सामुदायिक भवनों का शिलान्यास किया गया है जिनकी घोषणा भेंट मुलाकात के दौरान मैंने की थी इस मौके पर उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे वीरों की भूमि से हैं जिन्होंने अपने लोगों के खातिर अपनी जान गंवाने में भी कदम पीछे नहीं किये। इस मौके पर शहीद वीरनारायण सिंह की सातवीं पीढ़ी के वंशज राजेंद्र सिंह दीवान ने सोनाखान का इतिहास और सोनाखान की गाथा सुनाई तथा कविता के रूप में शहीद वीरनारायण सिंह के पराक्रम का वर्णन किया। इस मौके पर सांसद दीपक बैज, विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

### शहरी औद्योगिक पार्क 'रजक गुड़ी' का लोकार्पण

परंपरागत रूप से कपड़े की धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को उनके व्यवसाय से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा शहर के मध्य स्थित नरैया तालाब में राशि 69 लाख रुपए की लागत से स्थापित शहरी औद्योगिक पार्क 'रजक गुड़ी' का लोकार्पण हुआ है। इस परिसर में मैनुअल के साथ-साथ आटोमेटिक इलेक्ट्रिकल वॉशिंग मशीन लगाई गई है, जिसमें 25-25 कि.ग्रा. के 02 कपड़े निचोड़ने वाली एक्सपेक्टर मशीन, 60 कि.ग्रा. क्षमता की 01 वॉशर तथा 50 कि.ग्रा. क्षमता वाली 01 ड्रायर मशीन स्थापित की गई है। परंपरागत व्यवसाय से जुड़े धोबी समाज के परिवारों को परंपरागत व्यवसाय के साथ ही उनके रोजगार सृजन की व्यवस्था इस पार्क में की गई है, जिसके अंतर्गत कपड़ा धोने के लिए साबुन और डिटर्जेंट बनाने का भी प्रशिक्षण इन परिवारों को दिया जाएगा। इस रोजगारोन्मुखी योजना का लाभ इस तालाब से जुड़कर परंपरागत व्यवसाय कर रहें धोबी समाज के लगभग 100 से अधिक परिवारों को प्राप्त होगा। रायपुर में 12 करोड़ की लागत से 16 शहरी उद्यानों व तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा जल संरक्षण व कार्य का शिलान्यास हुआ है। इन भवनों के निर्माण हो जाने से विभिन्न समाजों के सैकड़ों परिवारों को अपने आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध होगा।

### शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी रहे शहीद वीरनारायण सिंह की भव्य प्रतिमा जयस्तंभ चौक में स्थापित की गई है। ग्राम थनौद के मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी व लव चक्रधारी ने इस प्रतिमा का निर्माण किया है। यह कांस्य प्रतिमा 15 फीट ऊंची व 02 टन वजन की है। प्रतिमा निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य की कुल लागत लगभग 51 लाख रूपए है।

### सीएसपीडीसीएल की 112 करोड़ की कार्य योजनाओं का शुभारंभ

सीएसपीडीसीएल द्वारा 109 करोड़ रूपए की लागत से प्रस्तावित अंडरग्राउंड केबलिंग व विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास आज किया गया हैं। इस कार्य के पूरा हो जाने से सड़कों पर फैले तार अंडरग्राउंड होंगे, जिससे शहरों को सुव्यवस्थित व सुंदर स्वरूप में विकसित करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा मठपुरैना व आईएसबीटी में 03 करोड़ रुपए की लागत से अतिरिक्त सब-स्टेशन व ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य का लोकार्पण हुआ है। अब इस क्षेत्र के निवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध होगी।

# मुख्यमंत्री ने नरैय्या तालाब में रजक गुड़ी, शहरी औद्योगिक पार्क का किया शुभारंभ

हाईटेक रजक गुड़ी में कपड़े धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के टिकरापारा स्थित नरैय्या तालाब के पास नवनिर्मित रजक गुड़ी (शहरी औद्योगिक पार्क) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संत गाडगे के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज को लोगों को रजक गुड़ी के लिए बधाई दी। श्री बघेल ने रजक गुड़ी में कपड़े धोने और सूखाने के लिए लगाई गई मशीनों का अवलोकन कर इसके संचालन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर मशीनों का शुभारंभ किया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 69 लाख रुपये की लागत से लगभग 3500 वर्गफीट में तैयार हाईटेक रजक गुड़ी में परंपरागत रूप से कपड़े की धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को आधुनिक सुविधाएं



उपलब्ध होगी। रजक गुड़ी में मैनुअल के साथ-साथ आटोमेटिक इलेक्ट्रिकल वॉशिंग मशीन लगाई गई है, जिसमें 25-25 कि.ग्रा. के 02 कपड़े निचोड़ने वाली एक्सपेक्टर मशीन, 60 कि.ग्रा. क्षमता की 01 वॉशर तथा 50 कि.ग्रा. क्षमता वाली 01 ड्रायर मशीन स्थापित की गई है। कपड़े धाने के लिए पानी की टंकियां भी बनाई गई है और कपड़ों को इस्त्री करने की भी अलग व्यवस्था है। धोबी समाज के परिवारों को परंपरागत व्यवसाय के साथ ही उनके रोजगार सृजन की व्यवस्था इस पार्क में की गई है, जिसके अंतर्गत कपड़ा धोने के लिए साबुन और डिटर्जेंट बनाने का भी प्रशिक्षण इन परिवारों को दिया जाएगा। इस रोजगारोन्मुखी योजना का लाभ इस तालाब से जुड़कर परंपरागत व्यवसाय कर रहें धोबी समाज के लगभग 100 परिवारों को प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल सहित नगर निगम रायपुर और स्मार्ट सिटी रायपुर के अधिकारी एवं रजक समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## खास खबर...

### कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में जाकर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्रवाई का निरीक्षण किया

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने मतदान केन्द्रों में निर्वाचन नामावलीयों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्रवाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बीटीआई और मोवा के स्वामी आत्मानन्द स्कूल में बने मतदान केन्द्रों का मुआयना किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित बीएलओ, अभिहित अधिकारियों से द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। नए मतदाता को जोड़ने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि फॉर्म-6 के साथ-साथ मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और संशोधन संबंधी कार्य के लिए वोटर हेल्पलाईन का उपयोग करने के लिए आम लोंगो को प्रेरित करें। उन्होंने मतदान केन्द्र में आए युवा मतदाताओं से बातचीत की और उनसे कहा कि किसी प्रकार की समस्या आने पर बीएलओ से मदद लें और अपने अन्य साथियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

गौरतलब है कि 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही इसके विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम प्रारंभ हो गया है। 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नए नाम जोड़े जाने फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 एवं किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भी लिया जाना प्रारम्भ हो गया है। ये आवेदन आगामी 31 अगस्त तक लिए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अगस्त और 13 अगस्त तथा 19 अगस्त और 20 अगस्त को राज्य के सभी 24 हजार 109 मतदान केन्द्रों में इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने टीएल के मुद्दों और जनचौपाल में आए आवेदनों की समीक्षा कर कार्रवाई के दिए निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में टीएल बैठक एवं जनचौपाल में आए विभिन्न आवेदनों और की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में आए आवेदनों का संबंधित विभाग के अधिकारी जल्द निराकरण करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो घोषणाएं की है उन्हें पूर्ण करने के लिए जल्द कार्रवाई करें। इसके अलावा निर्वाचन नामावलीयों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, एन.आर साहु, बीसी साहु और सभी एसडीएम और अन्य निगम आयुक्त उपस्थित थे।

# प्रदेशवासियों के सामाजिक-आर्थिक हितों के लिए हर अच्छी व्यवस्था को लागू करने की कोशिश करेंगेः टीएस सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन्स के साथ राज्य के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठनों के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, यूनिवर्सल हेल्थ केयर, पोषण, फोर्टिफाइड चावल वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मातूत्व लाभ, सिकलसेल, टीबी एवं एनीमिया उन्मूलन से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज भी इन चर्चाओं में शामिल हुए।



उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन्स के साथ चर्चा में कहा कि राज्य के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए ट्रस्ट मॉडल पर स्वास्थ्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किफायती एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे में अधिक से अधिक लोगों को लाने के लिए इस सेक्टर में बजट लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसे राज्य के जीडीपी के आठ प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के सामाजिक और आर्थिक हितों के लिए जिन अच्छी व्यवस्थाओं को लागू किया जा सकता है, प्रदेश के बजट का ध्यान रखते हुए उन्हें लागू करने की पूरी कोशिश करेंगे।

मशहूर अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि को बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उनकी पूरी सामाजिक सुरक्षा जरूरी है। सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशन्स के प्रतिनिधियों ने बैठक में मातृत्व लाभ के अंतर्गत दी जाने वाली राशि एवं सुविधाओं को केवल एक बच्चे तक सीमित न रखकर सभी बच्चों के लिए लागू करने का सुझाव दिया। ऐसा करना बच्चे और मां की अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने मातृत्व अवकाश का लाभ हर तरह के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को देने का भी सुझाव दिया।

राज्य में काम कर रहे विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बच्चों का पोषण स्तर सुधारने के लिए स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि रागी का उत्पादन बढ़ाकर ज्यादा मात्रा में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने आंगनबाड़ियों में छोटे बच्चों को अंडा भी नियमित रूप से देने को कहा। संगवारी संस्था के डॉ. योगेश जैन ने बैठक में कहा कि अच्छे पोषण के लिए डाइट बढ़ाने की जरूरत हैं। इसके लिए भोजन में हाई क्वालिटी प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाना चाहिए। टीबी के मरीजों के लिए भी यह बहुत जरूरी है।

# गौठानों में पेयजल आपूर्ति में लाएं तेजीः मंत्री गुरु रुद्रकुमार

### गौठानों में बेहतर पेयजल व्यवस्था की निरंतरता बनाने हो रहा नलकूप खनन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में प्राथमिकता से संचालित नल जल योजना में अतिरिक्त स्त्रोत निर्माण के जरिये पेयजल की निरंतरता को बनाए रखने के लिए नलकूप खनन किए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने गौठानों में बेहतर पेयजल आपूर्ति में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के अवधि में राज्य मद के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु 5007 नलकूप खनन का अंतरिम लक्ष्य निर्धारित किया गया है।





उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के अंतर्गत बने 785 गौठानों में पेयजल की निरंतरता को बनाए रखने के लिए नलकूप खनन किया जा रहा है। राज्य में बेहतर पेयजल व्यवस्था की निरंतरता को बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गौठानों में नलकूप खनन कार्य किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ एम एल अग्रवाल ने बताया कि रायपुर परिक्षेत्र में 379 नलकूप खनन का अंतरिम लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत रायपुर जिले के 40 गौठान, बलौदाबाजार 50, गरियाबंद 8, धमतरी 8, महासमुंद 50, दुर्ग 80, बेमेतरा 50, बालोद 8, राजनांदगांव 35 और कबीरधाम 50 गौठानों में नलकूप खनन का कार्य किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अनन्या पांडे ने येलो साड़ी में बिखेरा हुस्न का जलवा



अनन्या पांडे इन दिनों आयुष्मान खुराना के साथ अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर काफी चर्चाओं में बनी हुई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती है। हालांकि लोग उनका हर एक बोल्ड और खूबसूरत अंदाज देखकर आहें भरने लगते हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार फैंस को दीवाना बना रहा है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका साड़ी में ट्रेडिशनल अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं, साथ ही उनके लुक पर से फैंस की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। अनन्या पांडे ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में येलो कलर की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। अभिनेत्री अपने इस लुक में काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एमराल्ड ग्रीन डैंग्लर्स और मैचिंग की चूड़ी पहनकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपनी इस लुक को और भी खूबसूरती से निखारा है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनन्या पांडे कैमरे के सामने अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। क्लिक की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी किलर अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं।

# रूटीन हेल्थ चेकअप करवाना क्यों जरूरी है? जानिए यह 5 कारण

कई लोगों को लगता है कि अगर उनका शरीर ढंग से काम कर रहा है तो उन्हें रूटीन हेल्थ चेकअप की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि, खुद को फिट एंड फाइन रखने और संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का शुरूआत में ही पता लगाने के लिए रूटीन हेल्थ चेकअप जरूरी है। इस तरह से आप खुद का बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। आइए आज हम आपको रूटीन हेल्थ चेकअप को प्राथमिकता देने के 5 कारण बताते हैं।



## स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरुक रहने में करता है मदद

कई लोग सिरदर्द, कमजोरी या फिर ह्दय के तेजी से धड़कने आदि संकेतों को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। इससे आसानी से इलाज योग्य स्वास्थ्य समस्याएं और अधिक गंभीर हो सकती हैं। दूसरी ओर, डॉक्टर के पास जाकर रूटीन हेल्थ चेकअप करवाते रहने से आपको अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने और अपनी सेहत को बनाए रखने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करने में मदद मिल सकती है।

## बीमारियों का पता लगाने और गंभीर बीमारियों को रोकने में है सहायक

जब आप रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए डॉक्टर से मिलते हैं तो वे संभावित बीमारियों के शुरुआती लक्षणों का पता लगा सकते हैं और आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, हाई कोलेस्ट्रॉल को शुरुआती चरण में ही ठीक करने से अधिक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकता है। इसी तरह रूटीन हेल्थ चेकअप डॉक्टर को किसी भी शारीरिक परिवर्तन की पहचान करने में सक्षम बनाता है।

## पैसे बचाने में है कारगर

बीमारियों की रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। अभी अपने रूटीन हेल्थ चेकअप में थोड़ी-सी राशि निवेश करके आप लंबे समय तक स्वस्थ जीवन का आनंद ले सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों का जल्द पता लगाने में मदद मिलती है, जिससे समय पर इलाज संभव हो पाता है। प्रारंभिक अवस्था में बीमारियों का इलाज करना सस्ता होता है, जबकि स्थिति गंभीर होने पर इलाज का खर्च लाखों रुपयों तक पहुंच सकता है।

## स्वस्थ आदतों को करता है प्रोत्साहित

रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए डॉक्टर के पास जाने पर वह न केवल आपको स्वस्थ आदतें विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि आपको उन्हें बनाए रखने के लिए निरंतर प्रेरणा भी मिलती है। इसमें बैलेंस डाइट अपनाना, रोजाना एक्सरसाइज करना, रात को अच्छी नींद लेना और तनाव के स्तर को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना शामिल है। समय के साथ अपने मेडिकल टेस्ट में सकारात्मक बदलाव देखना एक शक्तिशाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है।

## शरीर को बेहतरीन स्थिति में रखने में भी है प्रभावी

रूटीन हेल्थ चेकअप से यह भी सुनिश्चित होता है कि आपका शरीर बेहतरीन स्थिति में रहे और अपना सही प्रदर्शन करता रहे। डॉक्टर आपके शरीर को सही आकार में रखने के लिए आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं। खून की नियमित जांच करके वे हार्मोनल असंतुलन और ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव जैसी स्थितियों की पहचान और समाधान कर सकते हैं, जिससे उनके असर को ढंग से कम किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप आप खुद को स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

# एनिमल की रिलीज को लेकर उत्साहित है रशिमका मंदाना दिसंबर है लकी महीना



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल पहले 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। फिल्म टलने की लंबी आशंकाओं के बाद निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। अब यह फिल्म 1 दिसंबर को रिलीज होनी है। फिल्म में रणबीर कपूर के साथ रशिमका मंदाना नजर आएंगी। रशिमका के करियर के लिए दिसंबर हमेशा अच्छी किस्मत लेकर आया है। अब मीडिया से बातचीत में उन्होंने दिसंबर में आने वाली एनिमल पर बात की है।

रशिमका ने दिसंबर में मिलने वाली सफलताओं पर बात की। उन्होंने कहा, दिसंबर का महीना मेरे लिए हमेशा किस्मत वाला रहा है। मेरे डेब्यू किटी पार्टी से लेकर, पुष्पा, चमक, अंजनीपुत्र, मुझे इस महीने रिलीज हुई अपनी हर फिल्म के लिए बहुत प्यार मिला है। एनिमल 5वीं फिल्म होगी, जो दिसंबर में रिलीज होगी। मैं इसके लिए काफी रोमांचित हूं। दर्शक भी फिल्म में रणबीर और रशिमका की नई जोड़ी को देखने के लिए उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मैं यह देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक फिल्म और फिल्म में मेरे किरदार के बारे में क्या प्रतिक्रिया देंगे। मेरे लिए यह बिल्कुल अलग किरदार है। मैंने ऐसा कुछ पहले कभी नहीं किया है। मैंने कभी ऐसे किरदार में खुद की कल्पना भी नहीं की थी। यही वजह है कि मैं यह जानने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि प्रशंसक और समीक्षक क्या कहते हैं।

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की इस फिल्म में अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। इसमें अनिल, रणबीर के किरदार के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं बॉबी विलेन होंगे।इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं। फिल्म के सभी किरदारों के बीच के असहज रिश्तों की कहानी दिखाई जाएगी, जिनसे जूझते हुए आखिर में फिल्म का मुख्य किरदार (रणबीर) स्वभाव में जानवर (एनिमल) बन जाएगा। फिल्म से रणबीर का गंभीर लुक जारी हो चुका है।

रशिमका अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा से हिंदी दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई थीं। वह पिछले साल अमिताभ बच्चन की फिल्म गुडबाय में नजर आई थीं। इसके बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा की मिशन मजनू में भी दिखाई दी थीं। वह अनीस बाज्मी की एक एक्शन कॉमेडी में शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। उन्होंने विक्की कौशल के साथ भी एक फिल्म साइन की है। वह एक महिला केंद्रित फिल्म रेनबो का भी हिस्सा हैं।

# लोग किचन तो साफ करते हैं, मगर रसोई में मौजूद इन 7 गंदी चीजों की सफाई पर नहीं देते ध्यान



ज्यादातर लोग अपनी रसोई को साफ रखना पसंद करते हैं। कुछ लोग दिन में दो बार तो कुछ लोग दिन में एक बार रसोई साफ करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग हैं जो हफ्ते में बस एक दिन रसोई साफ करते हैं। ऐसा देखा जाता है कि लोग किचन तो साफ कर देते हैं, लेकिन उसमें रखी चीजों की सफाई पर ध्यान देना भूल जाते हैं या उनपर ध्यान देना जरूरी नहीं समझते। रसोई में मौजूद कुछ चीजें आपको भले ही साफ दिखाई देती हों, लेकिन इनपर इतने बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जिनसे शरीर में कई बीमारियां लग सकती हैं। आइए जानते हैं कि किचन की ऐसी कौन-कौन सी चीजें हैं, जिनकी सफाई पर लोग अक्सर ध्यान नहीं देते।

## किचन की इन चीजों को भी रखें साफ

**दरवाजे का हैंडल और इलेक्ट्रिक स्विचः**- बहुत से लोग यह नहीं जानते कि बैक्टीरिया किचन के दरवाजे के हैंडल और इलेक्ट्रिक स्विच से भी आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए आप जब कभी किचन साफ करें तो इन दो चीजों को साफ करना कभी न भूलें।

**डिशक्लॉथः**- गीले बर्तनों को पोंछने और किचन को साफ करने के लिए आप जिस कपड़े का इस्तेमाल करते हैं। उस कपड़े की सफाई पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। कई लोग एक ही कपड़े से कई दिनों तक किचन की सफाई करते रहते हैं और उसे धोने की जरूरत नहीं समझते। जबकि ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। कोशिश करें कि हर रोज आप किचन क्लॉथ को धोएं।

**स्पंजः**- बर्तन धोने के लिए आप जिस स्पंज का इस्तेमाल करते हैं, उसको साफ रखना भी जरूरी है। बहुत से लोग सोचते हैं कि बर्तन धोते वक्त उसपर साबुन लगता है तो वह खुद-ब-खुद धुल ही जाता होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। गंदे बर्तनों को मांजने के बाद स्पंज गंदा हो जाता है। यही वजह है कि इसे अलग से धोना बहुत जरूरी है। अगर आप स्पंज को गंदा ही छोड़ देंगे तो बर्तनों पर ई। कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया जमावड़ा लगा सकते हैं।

**चॉपिंग बोर्डः**- सब्जियां काटने के लिए आप जिस चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल करते हैं, उस चॉपिंग बोर्ड को साफ करते रहना जरूरी है। लकड़ी के चॉपिंग बोर्ड पर बड़ी संख्या में बैक्टीरिया हो सकते हैं। यही वजह है कि किचन की सफाई के दौरान चॉपिंग बोर्ड को बैक्टीरिया मुक्त करना न भूलें।


**फ्रिजः**- रसोई की सफाई में फ्रिज की सफाई भी शामिल है। क्योंकि फ्रिज में फल-सब्जियों से लेकर खाना तक सब स्टोर किया जाता है। हफ्ते में एक बार या दो बार फ्रिज की सफाई जरूर करें।

**कचरे का डिब्बाः**- किचन का वेस्ट आप जिस कचरे के डिब्बे में डालते हैं, उस कचरे के डिब्बे को भी वक्त-वक्त पर साफ करें। क्योंकि कचरे के डिब्बे में कई खतरनाक बैक्टीरिया की मौजूदगी पाई जाती है, जिसके संपर्क में आने से घर के लोग बीमार पड़ सकते हैं।

**सिंकः**- किचन के सिंक को भी हर रोज दो बार धुलना चाहिए। एक बार सुबह के वक्त और एक बार रात के वक्त। बर्तनों को मांजने से पहले सिंक को धोएं, तब उसमें बर्तनों को साबुन लगाकर रखें।

# मस्कारा लगाते समय न करें ये 5 सामान्य गलतियां, बिगड़ सकता है आंखों का लुक

मस्कारा एक ऐसा आई प्रोडक्ट है, जिसका उपयोग पलकों को लंबा और घना दिखाने का भ्रम पैदा कर सकता है। अब तो यह कई महिलाओं की मेकअप किट का महत्वपूर्ण उत्पाद बन चुका है। हालांकि, कई महिलाएं इसे लगाते समय अनजाने में कुछ गलतियां कर देती है। इससे उनका आंखों का मेकअप लुक खराब लगने लगता है। आइए आज हम आपको 5 ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे मस्कारा लगाते समय बचना चाहिए।



## गलत मस्कारे का चयन

गलत मस्कारे का चयन करना सबसे आम गलती है। आपको हमेशा अपनी जरूरत के हिसाब से मस्कार चुनना चाहिए। लिक्विड मस्कारा किसी भी मौसम में लगाया जा सकता है, जबकि पाउडर मस्कारे को सर्दियों के दौरान लगाना ही सही है। यह जल्दी से स्मज नहीं होता है। क्रीमी मस्कारा रूखी पलकों को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। यहां जानिए बाजार में मौजूद मस्कारों से जुड़ी जानकारी।

## पलकों को कर्ल करने से पहले ही मस्कारा लगा लेना

अगर आप पलकों को कर्ल करने से पहले मस्कारा लगा लेती हैं तो यह भी एक बड़ी भूल है। अगर आप मस्कारा लगाने के बाद पलकों को कर्ल करती हैं तो इस कारण पलकें चिपचिपी लगती हैं या फिर इससे पलकों के टूटने की संभावना भी बढ़ जाती है। इस समस्या से बचने के लिए हमेशा पलकों को पहले कर्ल करें, फिर मस्कारा लगाएं ताकि आंखों का मेकअप खूबसूरत लगे।

## अधिक मस्कारा लगाना

अगर आप बार-बार मस्कारे के ब्रश को पलकों पर फेरती हैं तो इससे पलकों पर अतिरिक्त मस्कारा लग जाता है, जिससे उसके फैलने की संभावना अधिक हो जाती है। इस परेशानी से बचने का एक सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप मस्कारा लगाने से पहले ब्रश को एक टिश्यू पेपर से अच्छी तरह से पोंछ लें।इससे अतिरिक्त मस्कारा निकल जाएगा और बाकि मस्कारा बिल्कुल सही तरह से लगेगा। यहां जानिए घर पर मस्कारा बनाने के अलग-अलग तरीके।

## मस्कारे के उपयोग करने की तारीख को अनदेखा करना

किसी पसंदीदा मेकअप उत्पाद को लंबे समय तक अपनी किट में रखना स्वाभाविक है। हालांकि, जितना अधिक आप उसका उपयोग करेंगे, उसका बुरा असर पड़ सकता है। खासतौर से अगर उसकी उपयोग करने की तारीख निकल गई है।उदाहरण के लिए आंखों के मेकअप से जुड़ी समस्याओं या संक्रमणों से बचने के लिए मस्कारा ट्यूबों को 3 से 6 महीने बाद फेंक देना चाहिए।

## गलत तरीके से मस्कारा लगाना

भले ही आप खुद के लिए कोई भी मस्कारा चुनें, अगर उसे लगाने का तरीका सही होगा तो इसके फैलने की संभावना काफी कम होगी। इसके लिए पहले पलकों पर मस्कारा प्राइमर लगाएं। यह न सिर्फ आपकी पलकों को सुरक्षित और लंबा करता है, बल्कि इससे पलकें खूबसूरत भी लगती हैं। इसके अलावा यह मस्कारे को फैलने से रोकने में भी कारगर है। इसके बाद अपने पसंदीदा रंग के मस्कारे को पलकों पर नीचे से ऊपर की ओर फेरे।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता



बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मतदाता जागरूता में ग्राम छतरंग के लोग बढ़ चढ़ कर लिए हिस्सा

**सूरजपुर।** विकास खण्ड ओडगी के दूरस्थ क्षेत्र छतरंग में स्वीप के नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत म्टड अअचंज मशीन का प्रदर्शन किया गया, लोगों को ईव्हीएम द्वारा वोट कैसे डाला जाता है प्रयोग कर बताया गया। जिसमें ग्राम छतरंग के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया आज ग्राम छतरंग का बाजार होने की वजह से क्षेत्र के लोग ईव्हीएम से वोटिंग करना सीखा। साथ ही जन शिक्षक, शिक्षक, बच्चे सभी ने रैली निकालकर कर लोगों में मतदान करने हेतु जागरूक किया। जिसमें ग्रामीणजन भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा मतदान करना क्यों आवश्यक है, शिक्षकों द्वारा बताया गया। मजबूत लोकतंत्र बनाने हेतु मतदान करना आवश्यक है इस बात का संकल्प उपस्थित लोगों ने लिया। जबकि पिछले चुनाव में इस क्षेत्र में वोट बहिष्कार की स्थिति बनी थी। घुईडीह में मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने ओडगी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी भी मौजूद रहे। जिले के स्वीप अधिकारी रविन्द्र सिंह देव व जिला परियोजना अधिकारी रोहित कुमार सोनी के कुशल मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम पूरे जिले में किया जा रहा है।

### संवेदनशील क्षेत्र किसकोड़ो में सामुदायिक पुलिसिंग एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र अंतागढ़ के ग्राम किसाकोड़ों में आज जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ खोमन सिन्हा, कमाण्डेट बीएसएफअर्रा कैंप सुदर्शन, एसडीएम अंतागढ़ विश्वास कुमार, एसडीओपी अमर सिदार की उपस्थित में सामुदायिक पुलिसिंग का आयोजन किया गया, साथ ही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षर्ण कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक पटेल द्वारा क्षेत्र की समस्याओं के सम्बंध में ग्रामीणों से चर्चा की गई एवं किसी भी प्रकार की समस्या के सम्बंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अवगत कराने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग अंतर्गत युवाओं को खेल सामग्री एवं वरिष्ठजनों को छाता का वितरण किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यकम अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा संकल्प चक्र बना कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आगामी निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करने संकल्प लिया गया।

### संसदीय सचिव जिला मुख्यालय में करेंगे ध्वजारोहण, लेंगे सलामी

**गरियाबंद।** संसदीय सचिव विकास उपाध्याय 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। उपाध्याय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे और सलामी लेंगे। समारोह सुबह नौ बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि उपाध्याय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में परेड द्वारा हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट, शहीदों के परिवार का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी - कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को की जायेगी। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा। ऐसे नगरीय निकाय जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है उनमें नगरीय निकाय के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

### जिले में 14 को होगा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी गरियाबंद जिले में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह सात बजे गरियाबंद के पुलिस लाईन से प्रारंभ होगी। मेन रोड में जिला कार्यालय परिसर रोड (देवभोग रोड) तरफसर्किट हाउस होते हुए लगभग 1.5 किमी तक आगे जाकर वापस पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, आम नागरिक शामिल हो सकते हैं। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि सभी प्रबुद्धजनों, खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र छात्राओं, स्काउट गाइड के सदस्यों एवं प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# बच्चे राष्ट्र की संपत्ति है, जो देश के भविष्य को आकार देंगे- न्यायमूर्ति

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के किशोर न्याय कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक एकेडेमी के सहयोग से उच्च न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित ''विधि के साथ संघर्षरत बच्चों के अपराध निवारण, पुनर्स्थापनात्मक न्याय, परिवर्तन एवं उनके निरोध के विकल्प'' विषय पर आयोजित 8वें राज्य स्तरीय कन्सलटेशन के शुभारम्भ समारोह को मुख्य आतिथ्य से सम्बोधित करते हुये मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की संपत्ति है, जो देश के भविष्य को आकार देंगे।**




समाज के जिम्मेदार सदस्यों के रूप में हमें उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किशोरों को अपराध करने से रोकना समाज में अपराध की रोकथाम का एक अनिवार्य हिस्सा है तथा पुनर्वास प्रक्रिया इतनी ठोस हो सकती है कि उन्हें दोबारा विधि के साथ संघर्ष में आने से रोका जा सके। राज्य की भूमिका उस बच्चे के माता-पिता के रूप में कार्य करना है जिसे पुनर्वास की आवश्यकता है तथा इसकी कार्यवाही बच्चे के सर्वोत्तम हित में होनी चाहिए। हमारे बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रारंभ से ही नैतिक एवं मूल्य आधारित शिक्षा देना आवश्यक है। बाल संरक्षण गृहों में भी यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को समाज का उपयोगी सदस्य और देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न करें।

उन्होने आशा तथा विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज का परामर्श कार्यक्रम बेहद सफल होगा और बच्चों के लिए एक हिंसा मुक्त समाज की स्थापना तथा प्रचार-प्रसार में काफी सहायता मिलेगी, जहां वे अपने बचपन का आनंद लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन में हमें अथक प्रयास की आवश्यकता है।

हमें बाल अपराधियों की मानसिक स्थिति को समझना चाहिये। बच्चे भगवान के उपहार हैं। उनको सही दिशा देकर समाज में कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं। ईश्वर की असीम कृपा से हम इतने काबिल हैं कि हमें उन बच्चों की प्रगति के लिए अथक प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक एकेडमी के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने कहा कि भारत देश का भविष्य आज के बच्चे ही हैं। अतः उनके भविष्य के लिए हमें अथक प्रयास करते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए, जो समाज को एक नया आयाम प्रदान करेगा। कार्यशाला का स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के किशोर न्याय सेल के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री अरविंद सिंह चंदेल द्वारा कहा गया कि बच्चे विभिन्न कारणों से विधि का उल्लंघन कर सकते हैं। साक्ष्य दर्शाता है कि इनमें से अधिकांश बच्चे वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं तथा ये ऐसे बच्चे भी हैं जिन्हें देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता है।

यह, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विधिक ढांचे द्वारा बच्चों को दी जाने वाली विशेष सुरक्षा के साथ, रोकथाम, पुनर्वास तथा पुनर्स्थापनात्मक न्याय प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करने तथा किशोर न्याय अधिनियम के न्याय एवं सुरक्षा प्रावधानों के मध्य संबंध सुनिश्चित करने का आग्रह करता है। पिछले दशक में समाज में तेजी से आए परिवर्तनों को देखते हुए भारत में बच्चों को दोतरफा सुरक्षा की आवश्यकता है। जहां बच्चे के उचित पालन-पोषण के लिए पारिवारिक माहौल प्रदान करके उन्हें शारीरिक रूप से बलवान, मानसिक रूप से सतर्क, शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली बनाने हेतु उनके समग्र विकास के लिए बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान की जानी चाहिए। इस अवसर पर किशोर न्याय समिति द्वारा प्रकाशित पत्रिका ''नवचेतन'' का विमोचन किया गया जिसे उच्च न्यायालय की वेब साईट पर अपलोड किया गया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सभी मतदान केंद्रों में लगेंगे विशेष शिविर

## 4 अक्टूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। इसके तहत विगत 2 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन कर दिया गया है। यह मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट में भी होस्ट की गई है।**

साथ ही इसकी एक फेटोयुक्त हार्ड एवं एक फेटोरहित सॉफ्ट कॉपी प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी जिला स्तर पर बैठक कर प्रदान की जा चुकी है। बीते 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही इसके विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम प्रारंभ हो गया है। 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नए नाम जोड़े जाने फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है।

नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 एवं किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भी लिया जाना प्रारम्भ हो गया है। ये आवेदन आगामी 31 अगस्त तक लिए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अगस्त और 13 अगस्त तथा 19 अगस्त और 20 अगस्त को राज्य के सभी 24 हजार 109 मतदान केन्द्रों में इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि इन विशेष शिविर तिथियों को राज्य भर में सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों एवं अभिहित अधिकारियों को आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। सामान्यतः शनिवार एवं रविवार को अधिकांश संस्थानों में अवकाश रहता है इसलिए जो भी नागरिक अपना नाम जुड़वाना चाहते हैं वे कार्यालयीन समयावधि में बूथ जाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी की सहायता से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पुनरीक्षण के दौरान सभी जिलों एवं विधानसभाओं में सघन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जो नागरिक किसी कारणवश बूथ जाकर अपना आवेदन नहीं कर सकते हैं उन्हें ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप एवं वोटर सर्विस पोर्टल की सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए मतदान केन्द्रों में बीएलओ एप का प्रयोग किया जा रहा है।

# जनसंपर्क विभाग के अधिकारी अंकित पांडेय ने केके मेनन की अपकमिंग फिल्म लव आल के लिए लिखे गीत

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर,। जनसंपर्क संचालनालय रायपुर में कार्यरत सहायक सूचना अधिकारी और मूल रूप से अंबिकापुर निवासी अंकित पांडेय के दो गीत 25 अगस्त को देश भर में 7 भाषाओं में रिलीज की जाने वाली फिल्म लव आल में दर्शक सुन सकेंगे। प्रख्यात निर्माता निर्देशक महेश भट्ट और प्रख्यात बैडमिंडन खिलाड़ी तथा बैडमिंटन की टीम इंडिया के नेशनल कोच पुलेला गोपीचंद द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली इस फिल्म के निर्माता निर्देशक सुधांशु शर्मा हैं।**

फिल्म के गीत गीली सी सुबह की लांचिंग मुंबई के अंधेरी में की गई। इस मौके पर मौजूद महेश भट्ट ने कहा कि इस गीत की सबसे अच्छी बात यह है कि इसके गीतकार अंकित पांडेय छत्तीसगढ़ से हैं। जब देश के मुख्तलिफ हिस्सों से आये लोग सिनेमा रचते हैं तो सिनेमा ज्यादा समृद्ध, ज्यादा सच्चा होता है। फिल्म के डायरेक्टर शर्मा ने भी इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लव आल में जो सीन था उसके मुताबिक मुझे बहुत से गीत दिखाये गये, कोई भी गीत पसंद नहीं आ रहा था। फिर अंकित द्वारा लिखा गया गीत गीली सी सुबह सुनाया गया। मुझे लगा कि मैं इसी गीत की तलाश में था। गीत बहुत खूबसूरत जज्बात के साथ लिखा गया है। सौरभ वैभव ने बहुत सुंदर कंपोजिशन किया है। खास बात यह है कि वे भी छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से ही हैं। पापोन ने इसे अपने अनूठे स्वर में गाया है। केके मेनन ने कहा कि खूबसूरत गीत और कंपोजिशन तथा पापोन की प्रस्तुति ने इस गीत को और भी खूबसूरत बना दिया है। उल्लेखनीय है कि यह गीत अंकित ने दशक भर पहले लिखा था जब उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा समाप्त की थी। कोरोना की वजह से फिल्म में कुछ विलंब हुआ। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म देश भर के 700 थियेटर्स में एक साथ प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म में बैडमिंटन के नेशनल लेवल के प्लेयर दिखाये गये हैं। खास बात यह है कि फिल्म में एक्टर्स को बैडमिंटन के लिए और बैडमिंटन प्लेयर्स को एक्टिंग के लिए ग्रूम किया गया है। फिल्म में एक अन्य गीत बातों बातों में भी अंकित ने लिखा है।

# शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः मोहन मरकाम

श्रीकंचपनथ न्यूज




**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग एवं मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के प्रभारी मंत्रीमोहन मरकाम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सभी को मिले। जनता को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

समीक्षा बैठक जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के मंशानुसार व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र धारियों को मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण व अन्य कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किया जा रहा है। इससे वनाधिकार पत्र धारी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहे हैं। किसी भी कारण से अस्वीकृत वनाधिकार पत्रों को फिर से रिव्यू किया जाए और पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित करने के निर्देश दिए। इसी तरह राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सम्बन्ध में जनता के बीच प्रतिक्रिया से अवगत होते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी से जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। खाद्य बीज की काला बाजारी को रोकने के लिए सतत् रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप संचालक कृषि को राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं से अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित करने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए श्री मरकाम ने जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पाद व गौठानों में कार्यरत स्व.-सहायता समूहों की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक महिला स्व-सहायता समूह को जोड़ने के निर्देश दिये।

इसी तरह जिले मे रीपा अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को अधिक से अधिक स्व-रोजगार से जोड़ने को कहा। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत मरम्मत व अन्य प्रगतिरत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी ली।

# रीपा से रेशम जैसी मखमली हुई महिलाओं की जिंदगी

श्रीकंचपनथ न्यूज



**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कोसम के मार्गदर्शन में जिले के बसदेई ग्राम पंचायत में स्थापित रुरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) में बिहान योजना द्वारा गठित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रेशम धागाकरण गतिविधि प्रारम्भ की गयी है। इस हेतु रीपा बसदेई में रेशम धागाकरण निर्माण हेतु शेड का निर्माण कर 50 रीलिंग मशीन स्थापित किया गया है।

महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट करा कर प्रशिक्षित किया गया है। रेशम की साड़ियाँ आज स्टेटस सिंबल बन गयी है इसलिए रेशम धागे का बाजार में पर्याप्त मांग है। महिलाओं द्वारा तैयार धागा रेशम बोर्ड द्वारा ही लगभग 6000 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से क्रय कर लिया जाएगा। महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण अवधि में ही लगभग 60000 रुपये से अधिक मूल्य का रेशम धागा तैयार कर लिया है।

जिले के ग्राम पंचायत प्रेमनगर, पतरपाली, मदनेश्वरपुर, लोधीमा, ऊंचडीह, सिरसी, बैजनाथपुर एवं करकोटी में रेशम विभाग द्वारा तैयार शासकीय नर्सरी में 08 समूह से जुड़े 120 से अधिक परिवारों द्वारा अर्जुन एवं शहतूत के पौधों में रेशम कीट का पालन कर ककुन तैयार किया जा रहा है। रेशम कीट से ककुन तैयार कर प्रति परिवार 60000 से 75000 रुपये वार्षिक आय प्राप्त कर रहे हैं। जिले में प्रतिवर्ष 15 से 20 लाख ककुन उत्पादन कर विभाग के माध्यम से खरीदी कर बाहर के व्यापारियों को विक्रय कर दिया जाता था। अब जिले में ही रेशम धागाकरण इकाई स्थापित हो जाने से उत्पादित काकुन के बाहर विक्रय करने की आवश्यकता नहीं होगी एवं धागाकरण गतिविधि से स्थानीय परिवारों को रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। रेशम धागा तैयार करने एवं कपड़े बुनाई की गतिविधि हेतु जिले के 10 महिलाओं को चिन्हांकित कर कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छुरी में आत्माराम कोसा बुनकर समिति का एक्सपोजर विजिट कराया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने काकुन से कोसा धागा निर्माण से लेकर हैंडलूम से साड़ी की बुनाई जैसी गतिविधियों का अवलोकन कर सीख प्राप्त किया। एक्सपोजर विजिट के उपरांत ग्राम पंचायत बसदेई की 15 महिलाओं को जिले में ही लाइवलिहूड़ कॉलेज में 20 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन कराया गया। जिसमे महिलाओं को रेशम धागाकरण की प्रारम्भिक जानकारी प्रदाय की गयी। आवासीय प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं के मांग पर उनके ग्राम में ही 30 महिलाओं की एक माह का प्रशिक्षण कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के द्वारा यह जानकारी दी गयी कि जीमे में ग्राम पंचायत बसदेई में रेशम धागाकरण की गतिविधि जो केवल 2 माह पहले केवल 15 परिवारों के साथ शुरू की गयी आज वह बढ़ कर 30 परिवारों तक पहुँच गयी है।

### संसदीय सचिव के प्रयास से विकास कार्यों के लिए मिली 60 लाख की मंजूरी

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 60 लाख रूपए की राशि की स्वीकृति मिली है। जिसमें सामुदायिक भवन निर्माण के साथ ही सीसी रोड व पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न मांगों की ओर ध्यानाकर्षित कराया जाता है। जिसे गंभीरता से लेते हुए विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है। जिसमें सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण, रंगमंच निर्माण, देवगुडी निर्माण सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। ग्राम पंचायत मुनगासेर में दो लाख रूपए की लागत से रंगमंच निर्माण व ग्राम सिनौधा में दो लाख रूपए की लागत रंगमंच निर्माण शामिल हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### दुर्ग में पकड़ाया फर्जी टीटीः सब्जी ट्रेवलिंग का किराया बचाने रची साजिश

**भिलाई।** ट्रेन में फर्जी टीटी बनकर वसूली करने वाला एक शातिर आरपीएफ व जीआरपी के हत्थे चढ़ा है। दुर्ग रेलवे स्टेशन से सफर करने वाला यह शख्स सब्जी का व्यापारी है औ अंबिकापुर व मनेन्द्र गढ़ सब्जी पहुंचाता था। ट्रेन का किराया बचाने के लिए उसने यह पैंतरा अपनाया। हालांकि एक यात्री की सूझबूझ से वह पकड़ा गया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी ने उसे हिरासत में लेकर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग में एक व्यक्ति का पता चला जो ट्रेन नंबर 18242 अंबिकापुर -दुर्ग एक्सप्रेस से 10 अगस्त को टिकट चेकिंग स्टाफके रूप में काम कर रहा था। उनसे यात्री मोहम्मद रफीक ने टिकट मांगा और उनके टिकटों की जांच की। यात्री मोहम्मद रफीक को उनकी कार्यशैली देखकर संदेह हुआ कि वह टीटी तो नही हैं। एमडी रफीक ने उसलापुर के आरपीएफ को घटना का विवरण बताया, जिस पर आरपीएफ ने ट्रेन में संदेहात्मक व्यक्ति को ढूंढा पर वह नहीं मिला। दूसरे दिन एमडी रफीक जब दुर्ग स्टेशन आये तो वहां वही संदेहात्मक व्यक्ति प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर बैठा पाया गया। उन्होंने टीटी कार्यालय दुर्ग से संपर्क किया, जहां पीके यादव, डिप्टी सिटी और चन्द्रशेखर, सीटीसी ड्यूटी पर थे। जहां उन्होंने टीटीआई स्टाफ से असली टिकट चेकिंग स्टाफ को सभी बातें बताईं। पीके यादव और चन्द्रशेखर तत्काल दुर्ग स्टेशन पर उस व्यक्ति (फर्जी टी टी) से पूछताछ की। जिसने खुद को रेलवे कर्मचारी बताया और बताया कि वो डोंगरगढ़ में भर्ती था, लेकिन उसके पास एक डुप्लीकेट रेलवे कार्ड था, जिसमें उसका नाम संतोष दर्शाया गया था।

### सरपंच प्रतिनिधि व आरक्षक की दर्दनाक मौत, पिकनिक मनाने जा रहे थे जतमई-घटारानी

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में शुक्रवार रात को सड़क हादसे में प्रधान आरक्षक व सरपंच प्रतिनिधि की मौत हो गई। सभी जिले के जतमई घटारानी पिकनिक मनाने जा रहे थे। हादसा कार का टायर फटने के कारण हुआ। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फर्जी खाते खोलकर करोड़ों का हेरफेर, रायपुर पुलिस की गिरफ्त में आया कुख्यात गैंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में फर्जी खाते खोलकर करोड़ों का हेरफेर करने वाला गैंग पकड़ाया है। लोगों को झांसे में लेकर फर्जी तरीके से बैंकों में खाता खोलकर करोड़ों का लेन-देन करने वाले 1 अंतर्राज्यीय आरोपी सहित कुल 8 आरोपियों गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा लोगों को लोन दिलाने सहित अनेक लुभावने स्कीम बताकर अपना शिकार बनाते थे। आरोपियो के कब्जे से पुलिस ने 14 लाख 44 हजार रुपए 21 मोबाइल फोन, 5 पासबुक, 12 एटीएम कार्ड, 12 चेक बुक, 3 लैपटॉप, 2 कम्प्यूटर व तीन डायरी जब्त किया गया है।




इस पूरे मामले का शनिवार को खुलासा किया गया। प्रार्थी अरूण जाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि रजत अग्रवाल ने प्रार्थी से करीबन 2 माह पूर्व वॉल्टियर गेट डीआरएम ऑफिस के पास मुलाकात कर बैंक खाते की जरूरत बताते हुए उसे विश्वास में लेकर खाता खोल दिया। रजत अग्रवाल एचडीएफसी बैंक देवेन्द्र नगर में खाता खुलवाया तथा उसकी पत्नी संगीता जाल का भी इसी प्रकार एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाया और बाद में खाता का पासबुक, एटीएम कार्ड अपने पास रखा तथा खातों में मोबाइल नंबर भी रजत अग्रवाल ने डलवाया।

कुछ दिन बाद रजत अग्रवाल ने प्रार्थी को उसके बैंक खाता बंद होने की जानकारी दी। जिस पर प्रार्थी एचडीएफसी बैंक देवेन्द्र नगर शाखा जाकर पता किया तो बैंक मैनेजर ने उसके खाते में अत्यधिक पैसो का ट्रांजेक्शन होने से बंद करना बताया गया जिस पर प्रार्थी ने रजत अग्रवाल से उक्त बैंक खातों मे हुए ट्रांजेक्शन के बारे मे पूछा तो रजत अग्रवाल द्वारा टाल-मटोल किया जाने लगा। इस प्रकार रजत अग्रवाल द्वारा प्रार्थी तथा उसकी पत्नी का बैंक खाता खुलवाकर बिना उनकी जानकारी के खाता का दुरूपयोग किया। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

### बर्न ब्लैक नाम से ऑफिस का संचालन

आरोपी पण्डरी स्थित मोवा में बर्न ब्लैक नाम से ऑफिस का संचालन करते है। जिसमें उनके द्वारा लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें लोन दिलाने सहित अनेक लुभावने स्कीम बताकर उनके व्यक्तिगत दस्तावेजों को प्राप्त करते है तथा अलग-अलग बैंको में लोगों के बिना जानकारी के उनका बैंक खाता खुलवाकर उक्त बैंक खाते से संबंधित सभी दस्तावेज पासबुक, चेकबुक एवं एटीएम कार्ड अपने पास रखकर बैंक खाता में अपने लोगों का मोबाईल नम्बर दर्ज करा देते थे तथा बैंक खाताओं का उपयोग ऑनलाईन सट्टा के पैसों के लेन-देन के लिये करते थे।

इसके बाद एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसकी पत्नी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी की पतासाजी करना शुरू किया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी रजत अग्रवाल को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी रजत अग्रवाल द्वारा अपने साथी हिमांशु सिंह, मन्टु मांझी, मदन कुमार यादव, मोह. उमैर, मोहित टांक, मोह. फरहान एवं उपेन्द्र दास के साथ मिलकर उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी हिमांशु सिंह, मन्टु मांझी, मदन कुमार यादव, मोह. उमैर, मोहित टांक, मोह. फरहान तथा उपेन्द्र दास की भी पतासाजी कर पकड़ा गया।

आरोपियों द्वारा उपयोग किये गये बैंक खातों में महादेव ऑनलाईन सट्टा एप के रूपयों का लेन-देन होना पाया गया है। जिस पर प्रकरण में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 07 एवं 08 तथा 34 भी जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपियों से प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही रूपयों के लेन-देन हेतु उपयोग किये जाने वाले बैंक खाताओं के धारकों की पतासाजी व खाताओं की विस्तृत जांच की जा रही है, प्रकरण में संलिप्तता पाये जाने पर उन व्यक्तियों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# नकली इनपुट टैक्स क्रेडीट का लाभ उठानेवाले चार फर्म के खिलाफ सीजीएसटी की बड़ी कार्रवाई

### मालिक संजय शेडे 14 दिन की हिरासत में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खुफिया जानकारी के आधार पर मैसर्स ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी, मेसर्स क्लिफो ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स एस.एस. इंडस्ट्रीज और मेसर्स साई एंटरप्राइजेज, जो बिना किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के, नकली इनपुट टैक्स क्रेडीट (आईटीसी) का लाभ उठाने और उपयोग करके वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की बड़े पैमाने पर चोरी में लगे हुए हैं। उनके विरुद्ध फेक आई टी सी तथा अभियोजन सेल, सीजीएसटी रायपुर ने डिवीजन-बिलासपुर के अधिकारियों के साथ उपरोक्त फर्मों के परिसर में निवारक कार्रवाई की।

जांच से पता चला कि संजय शेंडे, जो



उपरोक्त सभी चार फर्मों को नियंत्रित कर रहे हैं, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने में शामिल हैं। उन्होंने अस्तित्वहीन फर्मों के माध्यम से 10.14 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त किया और उसका उपयोग किया। नई दिल्ली स्थित 22 अस्तित्वहीन तथा अकार्यशील फर्मों ने बिना किसी अंतर्निहित सामान और सेवाओं की आपूर्ति के नकली बिल तैयार किए हैं और मैसर्स. ज्योति ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स क्लिफो ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स एस.एस. एंटरप्राइजेज और मेसर्स साई इंडस्ट्रीज को जारी किए। अभियुक्त ने उपरोक्त आधार पर अपने बाहरी जीएसटी दायित्व के भुगतान के लिए नकली इनपुट टैक्स क्रेडिट (किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के बिना) का लाभ उठाया और उपयोग किया।

संजय शेंडे को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69(1) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम द्वारा 11.08.2023 को गिरफ्तार किया गया था और अदालत में पेश किया गया और सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की हिरासत मंजूर कर ली है। पहले भी सीजीएसटी रायपुर ने कर चोरों के खिलाफ विशेष रूप से फर्जी बिलिंग के कारोबार में शामिल करदाताओं के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की है।

# सरगुजा जिले में हुआ खौफनाक कांडः पानी के लिए भाई का खून, कुल्हाड़ी से काटा गला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में खौफनाक हत्याकांड का मामला सामने आया है। पानी के लिए भाई ने भाई की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी है। घटना शुक्रवार शाम की है। नशे में धुत्त युवक ने अपने चचेरे भाई के गले पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। घटना बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर थानाक्षेत्र की है। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी को जंगल गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरी निवासी हरिवंश खैरवार पिता स्व. सीताराम खैरवार (40) और उसके चचेरे भाई ओमप्रकाश पिता रामरतन खैरवार (35) के बीच पिछले कुछ समय से पुस्तैनी कुएं के पानी के उपयोग को लेकर विवाद हो रहा था। इस पुस्तैनी कुएं का उपयोग दोनों का परिवार संयुक्त रूप से वर्षों से करता रहा है। पिछले कुछ समय से ओमप्रकाश खैरवार ने चचेरे भाई सीताराम को कुएं के पानी का उपयोग करने से मना कर रहा था और शराब पीने के बाद वह सीताराम खैरवार से विवाद करता था और जान से मारने की धमकी देता था। जब वह नशे में नहीं होता था तो दोनों साथ बैठकर बातचीत करते थे। शुक्रवार को सुबह से ओमप्रकाश खैरवार शराब पी रहा था।

शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह अपने घर के पास से शराब के नशे में सीताराम खैरवार को गाली-गलौज कर रहा था। जब सीताराम खैरवार ने उसे गाली गलौज करने से मना किया तो



ओमप्रकाश घर से कुल्हाड़ी लेकर सीताराम के पास पहुंचा और विवाद करते हुए कुल्हाड़ी से सीताराम के गले पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी सीताराम आरोपी ओमप्रकाश के हाथ से टांगी छीनकर घर की तरफ भागा। मौके से कुछ दूर पर खड़े पड़ोसी विरेंद्र खैरवार व रामजीत ने बीच बचाव किया। टांगी के हमले में गंभीर रूप से घायल सीताराम खेत में गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बीएल सिंह के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा पश्चात पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी ओमप्रकाश के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया। घटना के बाद आरोपी ओमप्रकाश खैरवार गिरवानी के जंगल में छिप गया था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाकर आरोपी की खोजबीन शुरू की। देर रात आरोपी को गिरवानी के जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया।

# आईटी ऑफिस में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट आधी रात पुलिस ने दबिश देकर दबंगों को दबोचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीती रात नेहरू नगर क्षेत्र के एक डाटा एंट्री वाले दफ्तर में घुसकर कुछ दबंगों ने कर्मचारियों से मारपीट की। इसकी सूचना मिलते ही डाटा सेंटर के संचालक ने पुलिस को खबर की। सुपेला पुलिस ने भी सक्रियता दिखाते हुए आधी रात को दबिश दी और मारपीट कर रहे दबंगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को देखकर कुछ बदमाश भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों का सरगना एक नाबालिग है। पुलिस ने कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफधारा 147, 148, 294, 506, 323, 427, 458 के तहत कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा महादेव आईडी से जुड़ा हुआ है। दरअसल




बदमाशों को शक था कि उक्त दफ्तर में महादेव आईडी का पैनल चलता है। आधी रात को वहां मारपीट कर रुपए लूट ले जाएंगे। चुंकि अवैध रूप से कमाया पैसा होगा तो यह लोग पुलिस को भी सूचना नहीं देंगे। इसी प्लान के तहत जी. वेंकटेश गणेश चौक सुपेला, देवेन्द्र चैधरी सेक्टर-7, सत्येन्द्र चौधरी सेक्टर-7, रुपेश थानेकर सुपेला, चंद्रहास चौधरी सेक्टर-7 तथा एक नाबालिग ने उक्त दफ्तर में धावा बोला।

यहां सभी दफ्तर के कर्मचारियों से मारपी करने लगे। नेहरू नगर निवासी मृणाल विश्वास ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। इसकी सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस ने दबिश दी और सभी बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि इनका सरगना नाबालिग हैं। इनका प्लान था कि लाखों रूपए लूट कर ले जाएं और महादेव पैनल का पैसा होने से इसकी शिकायत नहीं होगी। लेकिन इनका दांव उल्टा पड़ गया और सभी पुलिस की गिरफ्त में आ गए। मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को जेल भेजा गया और नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से स्कॉर्पियो, डंडा व मोबाइल फोन जब्त किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा, एसआई सतीश साहू, काशीनाथ मंडावी, लखेश गंगेश, एएसआई दिनेश सिंह, आरक्षक सूर्य प्रताप सिंह, अभय सिंह का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर सेंट्रल जेल में बंदी की संदिग्ध मौत, तीन साल पहले गांजा तस्करी में हुआ था गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के सेंट्रल जेल में बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बंदी के परिजनों ने जेल में बंदी से मारपीट का आरोप लगाया है। मृतक को तीन साल पहले गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में बंद है।




मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम पवन राय है जो कि बिहार के पटना का रहने वाला था। तीन साल पहले पवन को पुलिस ने गांजा तस्करी में पकड़ा था। मृतक के परिजनों ने जेल में उससे मारपीट किए जाने की शिकायत की थी जिसपर जेल प्रबंधन ने जांच का भरोसा दिलाया था। अब उसकी मौत होने के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का यह भी आरोप है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उसे गलत सैंपल वाला खून चढ़ाया गया। इधर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में रक्त दान-जीवन दान शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के तत्वाधान में तथा श्रीमती नीता यादव जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में गुरूवार 10 अगस्त को पूर्वान्ह 11बजे से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में ''आर्शीवाद ब्लड बैंक संस्था, भिलाई जिला दुर्ग'' के सहयोग से ''रक्तदान-जीवन दान'' शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में आयोजित उक्त ''रक्तदान-जीवन दान'' शिविर में न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण तथा न्यायिक कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के कौंसिलगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सेवा प्रदान करने वाले पैरालीगल वालेन्टियर्स एवम् न्यायालय परिसर में उपस्थित अन्य आमजनों के द्वारा उक्त आयोजित ''रक्तदान जीवनदान शिविर'' में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए बड़ी संख्या में स्वेच्छ्या रक्त दान किया गया। शिविर में स्वेच्छा से रक्त दान करने वालों दानदाताओं को संस्था के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण करते हुए सम्मानित किया गया ।

### उपाध्यक्ष रजनी बघेल की अध्यक्षता में सबको की विशेष साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

**दुर्ग।** बलराम कृषि को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्या. दुर्ग ' 'सबको'' पं.क्र. 07 की विशेष साधारण सभा का आयोजन प्रधान कार्यालय मुख्य डाकघर के सामने, जी.ई.रोड दुर्ग में सम्पन्न हुआ, जिसमें संस्था के आय व्यय, चुनाव, जैविक/रासायनिक खाद, दवाई उपलब्ध कराने, संस्था का बहुराज्यीय सहकारी सोसायटी में परिवर्तन, बायलॉज संशोधन, मिट्टी परीक्षण, जैविक प्रयोग शाला, कार्यालय भवन रिक्त नहीं करने एवं अन्य विषय पर निर्णय लिया गया। उक्त आयोजित आमसभा में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष रजनी बघेल ने अध्यक्षता किया । संस्था ' 'सबको'' के महाप्रबंधक भंजदेव बेलचंदन ने किसानों को जैविक खाद एवं रासायनिक खाद व दवाईयों के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी एवं इनका उपयोग करने की सलाह दी। आमसभा में संस्था के संचालक सदस्य, प्रत्यायुक्त सदस्य, एवं अन्य गणमान्य किसान सदस्य, संस्था सबको के कर्मचारी एवं दुर्ग जिले के अनेक कृषक सदस्य उपस्थित थे।

### बीएसपी सीएसआर द्वारा खपरी सिलोदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 12 अगस्त, 2023 को ग्राम खपरी सिलोदा में नि:षुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 42 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 19 पुरूष, 13 महिलाएं तथा 10 बच्चे शामिल थे। खपरी सिलोदा में आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निषी मिंज, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट शषि भूषण राय, पंजीकरण हेतु शंभु तथा सीएसआर विभाग से श्रीमती सीता सिन्हा उपस्थित थी।

#### रिसाली निगम क्षेत्र में बनेगी सड़क, सामुदायिक भवन व स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष

# 4 करोड़ 8 लाख से होने वाले विकास कार्य का गृहमंत्री ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृह, लोकनिर्माण व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र में विकास की संभावना अधिक है। हम नागरिकों की मांग अनुरूप कार्य को पूर्ण कर रहे है। उक्त बातें उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने शनिवार को नेवई मरोदा क्षेत्र में 48 कार्यो का भूमिपूजन किया। इसके लिए शासन ने 4 करोड़ 8 लाख 92 हजार स्वीकृत किया है।

मंत्री सबसे पहले वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम दशहरा मैदान पहुंचे। यहां पर उन्होंने नागरिकों से चर्चा भी की। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर नेवई क्षेत्र के नागरिकों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट के लिए बीएसपी से लगातार चर्चा हो रही है। रिक्त भूमि मिलने पर वे बड़े प्रोजेक्ट के लिए राशि लाने हर संभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पीसीसी महामंत्री



जितेन्द्र साहू, एमआईसी अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, ईश्वरी साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पार्षद डोमन लाल बारले, विनय नेताम, रेखा देवी, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजू नेताम, ममता यादव, शीला नारखड़े, जमुना ठाकुर, एल्डरमेन संतू दास, मो. निजाम, शिशिर साहू, अजीत कुमार, संगीता सिंग, संध्या वर्मा आदि उपस्थित थे।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री का स्वागत वार्ड 20 व 16 के नागरिकों ने धुमधाम से किया। बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ नागरिकों ने अपने विधायक का अभिनंदन भी किया। 1 करोड़ से भी अधिक के विकास कार्य पर आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने मंत्री को शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंट किया। वार्ड 34 में नाली निर्माण 3.99 लाख, नाली निर्माण 2.80 लाख, नाली निर्माण 5.32 लाख, मंच निर्माण 2 लाख, मार्ग संधारण कार्य 4.76 लाख, वार्ड 33 में मंच जीर्णोद्धार कार्य 5 लाख, मंच संधारण 3 लाख, बाउंड्रीवाल एवं टाइल्स लगाने का कार्य 4 लाख, सीसी रोड 2.50 लाख, पूर्व शा. प्रा. शाला. में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, पूर्व शा. मा. शाला. में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 32 में नाली निर्माण 14.25 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, मार्ग संधारण 8.15 लाख, वार्ड 16 पम्प हाउस के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, नेमचंद घर के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, विद्युतीकरण 4 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, शीतला तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 20 में स्ट्राम वाटर ड्रेन निर्माण 14 लाख, शा. प्रा. शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, शा. मा. शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 18 नाली निर्माण 5.33 लाख, पेवर ब्लॉक 6.22 लाख, नाली निर्माण 2.66 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, आंगनबाड़ी के सामने सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड 17 सीसी रोड निर्माण 3.50 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख आदि है।

## स्टेट कुराश चैंपियनशिप में भिलाई के खिलाड़ियों का दबदबा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला कुराश एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान एवं रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष संजय रूंगटा के विशेष सहयोग से आयोजित सबजूनियर एवं सीनियर कुराश चैंपियनशिप बालक - बालिका , पुरुष - महिला का आयोजन रूंगटा पब्लिक स्कूल कुरूद भिलाई में किया गया।

प्रतियोगिता के समापन में मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता वशिष्ठ नारायण मिश्रा, विशेष अतिथि देवनारायण चंद्राकर , भास्कर कुमार तिवारी , विद्यालय की उप प्रधानाचार्या दीप्ति सिंह के द्वारा किया गया, चैंपियनशिप में दुर्ग - भिलाई, बलौदाबाजार - भाटापारा, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर, राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे दुर्ग- भिलाई के कुराश खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

बलौदाबाज़ार भाटापारा की टीम दूसरे स्थान पर रही चैंपिनशिप में कुल 140 खिलाड़ियों ने भाग लिए सब जूनियर वर्ग में चयनित खिलाड़ी 25 से 27 अगस्त तक भारतीय कुराश महासंघ एवं मध्यप्रदेश कुराश एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान में इंदौर में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत स्व सहायता समूहों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में निकाली तिरंगा रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहर के वार्डो में तिरंगा यात्रा निकाली गई !शहर में देश भक्ति की अलख जगाने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित विभिन्न स्व सहायता समूहों द्वारा शहर के अलग -अलग वार्डों में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत शहर के कई वार्डों में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथो में तिरंगा लेकर मेरी



माटी- मेरा देश के नारे लगाते हुए रैलियां निकाली गईं। रैली में स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्ड की अन्य महिलाओं व बच्चों ने भी भाग लिया।

## जितेंद्र वर्मा ने की मंडलों के संगठन प्रभारी की नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल के अनुमोदन से संगठन जिले के सभी 13 मंडलों में प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। मंडलों के प्रभारी एवं सह प्रभारी मंडलों में पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रमों के संपादन तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को संचालित करवाने में मंडल के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे तथा मंडल इकाई अंतर्गत सभी प्रकार के मुद्दों पर जिला भाजपा संगठन एवं जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल को समय-समय पर रिपोर्ट देंगे।जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा घोषित मंडल प्रभारियों एवं सह प्रभारियों में दुर्ग शहर विधानसभा अंतर्गत गंजपारा सदर मंडल का प्रभारी श्रीमती अल्का बाघमार एवं सह प्रभारी सचेन्द्र सिंह राजपूत, चंडी शितला मंडल का प्रभारी आशीष निमजे एवं सह प्रभारी खेमराज यदु, बोरसी कसारीडीह मंडल का प्रभारी शिवेंद्र परिहार एवं सह प्रभारी डॉ. राहुल गुलाटी, पटरीपार सिकोला मंडल का प्रभारी शिव चंद्राकर एवं सह प्रभारी मो. रजा खोखर को बनाया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल का प्रभारी संतोष सोनी एवं सह प्रभारी नीलेश अग्रवाल, उतई मंडल का प्रभारी दिलीप साहू एवं सह प्रभारी नरेश तेजवानी को बनाया गया है। इसी प्रकार पाटन विधानसभा के अंतर्गत उत्तर पाटन मंडल का प्रभारी दिनेश देवांगन एवं सह प्रभारी धनराज साहू, मध्य पाटन मंडल का प्रभारी देवेंद्र चंदेल एवं सह प्रभारी डा. घनश्याम कौशिक, दक्षिण पाटन मंडल का प्रभारी रोहित साहू एवं सह प्रभारी राजेश चंद्राकर को नियुक्त किया गया है। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत अहिवारा मंडल का प्रभारी चतुर्भुज राठी एवं सह प्रभारी दीपक चोपड़ा, जेवरा सिरसा मंडल का प्रभारी विनायक नातू एवं सह प्रभारी पवन शर्मा होंगे तथा साजा विधानसभा अंतर्गत धमधा मंडल का प्रभारी नटवर ताम्रकार एवं सह प्रभारी नीरज पाण्डेय और बोरी लिटिया मंडल का प्रभारी अरविंदर सिंह खुराना आदि है।

## ईएमएमएस सेक्टर-9 ने बीएसपी इंटर स्कूल कॉम्पिटिशन स्पेलिंग का सरताज 2023 में जीता प्रथम पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 12 अगस्त, 2023 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 प्रतियोगिता में इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल, सेक्टर-9 ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक शिखा दुबे उपस्थित थीं। सुश्री दुबे ने छात्रों को हमेशा जीवनपर्यंत सीखने की अवस्था में तत्पर बने रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाषा को अपनाना और वर्तनी से अपडेट रहना समय की मांग है।

बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 प्रतियोगिता के अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-9 की अनुपमा घोषाल व दिव्या मिश्रा की टीम ने, द्वितीय स्थान



रूआबांधा विद्यालय के बी कार्तिक व स्तुति सिन्हा की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-5 के जगन्नाथ व मोनालिसा की टीम ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 प्रतियोगिता के हिन्दी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-9 के वैदिक साहू व नुपूर कौषिक की टीम ने, द्वितीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-7 के मोहित निगम व सौम्य रामटेके की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-5 की शैषला व निर्विका की टीम ने प्राप्त किया। सहायक प्रबंधक (शिक्षा) सुश्री विभा आर कटियार, ने समारोह की अध्यक्षता की। यह प्रतियोगिता ईएमएमएस, सेक्टर-9 की प्रधानाध्यापिका सुश्री संगीता सागर के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बीएसपी के 9 मिडिल स्कूलों से दो-दो विद्यार्थियों की टीम ने भाग लिया। इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल, सेक्टर-9 में इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 कॉम्पिटिषन का आयोजन 2 श्रेणियों अंग्रेजी और हिंदी में किया गया था।

स्पेलिंग का सरताज 2023 कॉम्पिटिषन का संचालन अंग्रेजी में सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) सुश्री अपर्णा चंद्रा द्वारा तथा हिंदी में व्याख्याता, ईएमएमएस सेक्टर-9 एस के तम्बोली द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुनीता अनिल वासुदेवन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री जया कुमार ने किया।

## मणिपुर के वीभत्स घटनाक्रम पर स्मृति ईरानी समेत भाजपा सांसद मौन क्यों -कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संसद में फ्लाइंग किस का इशारा करने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को घेराबंदी के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजेंद्र ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर सड़कों पर घुमाकर बलात्कार किया गया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समेत अन्य भाजपा सांसदों ने इतने घृणित मामले में चुप्पी साध ली।

संसद में भाजपा सांसदों की नफरत का जवाब राहुल गांधी ने स्नेह-भाव से देते हुए फ्लाइंग किस का इशारा किया। इस सामान्य घटना पर भाजपा सांसदों ने स्तरहीन राजनीति की है।राजेंद्र ने कहा कि संसद में राहुल गांधी ने मणिपुर की घटना को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर जिस आक्रामक तरीके से वक्तव्य दिया और मोदी सरकार की घेरेबंदी की, उससे भाजपा सांसद भौंचक्के हो गए। राहुल गांधी के आक्रामक तेवरों के आगे पस्त हो चुके भाजपा सांसदों ने उन्हें घेरने के लिए यह नया पैंतरा अपनाया है। राजेंद्र ने कहा कि मोदी सरनेम के मामले में भी राहुल गांधी को फंसाकर उनकी संसद सदस्यता समाप्त करने का षड्यंत्र रचा गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब दोबारा भाजपा सांसदों द्वारा स्तरहीन राजनीति की जा रही है। इससे पहले भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मजदूरों, गरीबों, किसानों, टपरी चलाने वालों के साथ बुजुर्ग महिलाओं, युवतियों, छात्राओं और नन्हे बच्चों को आत्मीयता से गले लगाया।

# मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ में बंपर धान खरीदी का निर्णय लेकर किसानों को दी बड़ी सौगात - पांडेय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने केंद्र की मोदी सरकार को किसानों की हित चिंतक बताया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में इस वर्ष 86.5 लाख मेट्रिक टन चावल अर्थात 1.30 करोड़ मेट्रिक टन धान की खरीदी करने का निर्णय लेकर किसानों को बड़ी सौगात दी गई है। इस निर्णय को भाजपा कार्यकर्ता प्रदेशभर में किसानों तक पहुंचाएंगे, साथ ही भाजपा छत्तीसगढ़ के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करेगी और किसानों को प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित करने प्रोत्साहित किया जाएगा।

शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने मीडिया से चर्चा में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर धान खरीदी के मुद्दे पर झूठ बोलकर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार धान खरीदी के लिए 82 प्रतिशत राशि देती है। मोदी सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 873 रूपए और खाद में सब्सिडी बढ़ाकर



किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बार-बार यह झूठ बोलते हैं कि किसानों का पूरा धान प्रदेश सरकार खरीदती है, जबकि सच्चाई है कि केंद्र सरकार ने अब तक धान खरीदी के लिए प्रदेश सरकार को 74 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया है। जिसकी बदौलत प्रदेश के किसानों की धान खरीदी की जा सकी है।

श्री पांडेय ने कहा है कि प्रदेश सरकार यह बताए कि उसने प्रदेश के किसानों को कितना पैसा स्वयं की मद से दिया है। केंद्र सरकार पर केवल झूठे आरोप लगाने का काम करते हैं। यदि केंद्र सरकार चावल नहीं खरीदती है, तो क्या प्रदेश सरकार में इतना दम है कि वह किसानों की उपज का पूरा धान खरीद सके। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने धान खरीदी के मामले में आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने प्रति क्विंटल धान की कीमत 2500 रुपए देने का वादा तब किया था, जब समर्थन मूल्य 1750 रुपए प्रति क्विंटल था। तब कांग्रेस की सरकार को किसानों को प्रति क्विंटल धान की खरीदी पर 750 रुपये का बोनस देना था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने चालबाजी करते हुए उन्हें अंतर की यह राशि नहीं दी। अब धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2184 रुपये है। इसमें 750 रुपए जोड़कर इस सरकार को प्रति क्विंटल धान की खरीदी पर किसानों को लगभग लगभग 3हजार रुपए देना चाहिए। हर साल केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया है, लेकिन कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी गई राहत का लाभ नहीं दिया है। यह किसानों के साथ धोखेबाजी है। श्री पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में धान का समर्थन मूल्य 873 रुपए बढ़ा है। खाद में सब्सिडी 35 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1.08 लाख करोड़ रुपए कर के किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार आने के बाद धान का समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों को 17,500 रुपए अधिक मिलेंगे। पहले जब यही धान 1310 रुपए में किसान 15 क्विंटल बेचते थे, तो उन्हें 19,650 रुपए मिलते थे। इस प्रकार अब किसानों को 17,500 रुपए ज्यादा मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी और यूरिया के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में खाद पर किसानों को 38 हजार करोड़ रुपए जो सब्सिडी दी जाती थी, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उसे बढ़ाकर 1.08 लाख करोड़ रुपए कर दिया।

#### भिलाई वासियों ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

## आज़ादी की 76 वें वर्षगाठ पर विधायक देवेंद्र यादव की 76 किलोमीटर तिरंगा यात्रा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आजादी के 76 वे वर्गगठ पर शनिवार को भिलाई नगर क्षेत्र में 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का पहला दिन था। क्षेत्र के युवा विधायक देवेंद्र यादव ने 'भिलाई रंगे आजादी के रंग' नारे के साथ आज तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।**

हाथों में तिरंगा लिए और देश भक्ति गीत के साथ जनता के साथ विधायक देवेंद्र भिलाई नगर की सड़कों पर उतरे। आजादी के जश्न में और रंग भरने और वीरों के बलिदान को याद करते हुए इस 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

इस यात्रा के पहले दिन लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया और देश के प्रति अपने प्रेम और वीरों के बलिदानों को याद करते हुए इस यात्रा की शुरुआत सुबह 7.30 बजे सिविक सेंटर रथ पार्क से ध्वजारोहण के साथ की किया । जिसके बाद यात्रा 8.30 बजे भिलाई होटल कॉलोनी क्षेत्र पहुंची। यहां बच्चों और महिलों ने भी भिलाई विधायक देवेंद्र के साथ इस यात्रा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेक्टर 8 के वसुधा महिला स्व सहायता समूह सेक्टर 8, स्ट्रीट 5 में यात्रा का स्वागत किया गया। जिसके बाद शिव महिला मानस समिति, स्ट्रीट 12, सेक्टर 8, सेक्टर 8 मार्केट व्यवसायिक संघ, वीर हनुमान महिला समूह, सिख सामाज, तेलुगु नाई समाज , तेलुगु रजक समाज, साहू समाज, महाराष्ट्र मंडल , क्रिश्चन समाज ने भी अलग अलग क्षेत्रों में यात्रा का स्वागत किया और पहले दिन की यात्रा को सफल बनाया ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950